हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 7, अंक: 326, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 20 मई, 2023 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

## सुप्रीम कोर्ट को मिले दो नए जज, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा व सीनियर एडवोकेट केवी विश्वनाथन ने ली शपथ

### बार काउंसिल से सीधे सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त होने वाले वकीलों की सूची में विश्वनाथन दसवां नाम बन गया

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा और सीनियर एडवोकेट केवी विश्वनाथन ने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वहीं, इस शपथ ग्रहण समारोह में सुप्रीम कोर्ट के सभी जज समारोह में मौजूद रहे हैं। दोनों जजों को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी वाई चंद्रचूड़ ने शपथ दिलाई। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 16 मई को केंद्र से प्रशांत कुमार मिश्रा और विश्वनाथन को हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में प्रमोट करने की सिफारिश की थी। न्यायमूर्ति मिश्रा और न्यायमूर्ति विश्वनाथन की नियुक्ति का वारंट गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यालय से जारी किया गया था। उनकी नियुक्तियों की घोषणा नए कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने ट्विटर पर की। वहीं, आज उनका शपथ ग्रहण समारोह हो गया। CJI चंद्रचूड़ और जस्टिस एसके कौल, केएम जोसेफ, अजय रस्तोगी और संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए जस्टिस मिश्रा और विश्वनाथन के नाम की सिफारिश



करने का निर्णय लिया था। सीनियर एडवोकेट केवी विश्वनाथन का जन्म 26 मई, 1996 को हुआ था और वह सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में अपनी नियुक्ति के बाद 25 मई, 2031 तक पद संभालेंगे। न्यायमूर्ति विश्वनाथन 11 अगस्त, 2030 को न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला के रिटायर होने के बाद मुख्य न्यायाधीश बन सकते हैं। बार काउंसिल से सीधे सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त होने वाले वकीलों की सूची में विश्वनाथन दसवां नाम बन गया है। वह जस्टिस एसएम सीकरी, यूयू ललित और पीएस नरसिम्हा के बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश बनने वाले चौथे व्यक्ति होंगे। विश्वनाथन ने कोयंबटूर लॉ कॉलेज, भरतियार विश्वविद्यालय से पांच साल की लॉ की डिग्री पूरी की और 1988 में बार काउंसिल ऑफ तमिलनाडु में प्रवेश किया। केवी विश्वनाथन ने दो दशकों से अधिक समय तक सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस की है। जिसके बाद, उन्हें 2009 में सीनियर एडवोकेट के रूप में नामित किया गया था। विश्वनाथन, पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल, संवैधानिक कानून, आपराधिक कानून, वाणिज्यिक कानून, दिवाला कानून और मध्यस्थता सहित विभिन्न विषयों पर मुखर होकर लड़ हैं। बार के एक प्रतिष्ठित सदस्य के रूप में उनके कद को सुप्रीम कोर्ट द्वारा कई मामलों में मान्यता दी गई है, जहां उन्हें न्याय मित्र के रूप में अदालत की सहायता के लिए नियुक्त किया गया था।

**2021 में आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बने थे प्रशांत**– आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा को 10 दिसंबर, 2009 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। जिसके बाद उन्हें 13 अक्टूबर, 2021 को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया था। कॉलेजियम ने अपने प्रस्ताव में कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय की वर्तमान संरचना में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।

**13 साल से अधिक समय तक रह चुके हैं हाईकोर्ट के जज**– प्रस्ताव में कहा गया है कि न्यायमूर्ति मिश्रा ने तेरह वर्षों से अधिक समय तक हाईकोर्ट के जज के रूप में कार्य किया है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि प्रशांत हाईकोर्ट के जजों की अखिल भारतीय वरिष्ठता सूची में क्रम संख्या 21 पर हैं, इसलिए सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में उनका नाम नियुक्त किया जाता है।

## हिंद महासागर में चीन की बढ़ती गतिविधियों पर लगेगी लगाम, वाघशीर का समुद्री परीक्षण शुरू

नई दिल्ली। हिंद महासागर क्षेत्र में हमेशा से भारत का प्रभाव रहा है, लेकिन बीते कुछ सालों से चीन इस क्षेत्र में भारत के दबदबे को चुनौती दे रहा है। इसके लिए चीन पाकिस्तान की नौसेना को मजबूत कर रहा है। साथ ही कई अन्य देशों के साथ सहयोग बढ़ाकर वहां अपनी नौसेना की गतिविधियां बढ़ा रहा है। भारत ने चीन को उसी की भाषा में जवाब देने की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय नौसेना की छठी और अंतिम कलवारी श्रेणी की पनडुब्बी वाघशीर ने अपना समुद्री परीक्षण शुरू कर दिया है। उम्मीद जताई जा रही है कि इसे आगले साल की शुरूआत में ही भारतीय नौसेना में शामिल कर लिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, प्रोजेक्ट-75 की छठी पनडुब्बी का समुद्री परीक्षण गुरुवार को ही शुरू हो गया था। बताया जा रहा है कि परीक्षण पूरा होने के बाद वाघशीर को साल 2024 में भारतीय नौसेना को सौंप दिया जाएगा। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन लगातार अपने पैर जमाने की कोशिश कर रहा है। इसी को देखते हुए भारत ने समुद्री क्षमता बढ़ाने का फैसला लिया है। गौरतलब है, पनडुब्बी वाघशीर को पिछले साल अप्रैल में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के कान्होजी आंग्रे वेट बेसिन से लॉन्च किया गया था।

## रिजिजू ने पृथ्वी विज्ञान मंत्री का कार्यभार संभाला, बोले- राजनीतिक बात नहीं करूंगा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार में मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री के रूप में पदभार संभाल लिया। इस दौरान रिजिजू ने कहा कि ये मंत्रालय बहुत उपयोगी मंत्रालय है और यहां पर बहुत कुछ काम कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का जो सपना है उसमें मैं देख सकता हूं कि इस मंत्रालय का बहुत बड़ा योगदान होगा। मैं प्रधानमंत्री का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे अलग-अलग मंत्रालय में काम करने का मौका दिया। जब उनसे पूछा गया कि उनसे कानून मंत्रालय क्यों वापस ले लिया गया? तो उन्होंने कहा कि मैं आज राजनीतिक बात नहीं करूंगा, लेकिन मुझसे कोई गलती नहीं हुई। फेरबदल तो चलता रहता है। विपक्ष का काम ही मेरे खिलाफ बोलना। उनको बोलने दीजिए, यह प्रक्रिया का हिस्सा है। इससे पहले मोदी सरकार में अलग-अलग विभागों की जिम्मेदारियां निभा चुके किरेन रिजिजू से कानून मंत्रालय छीन लिया गया था। बताया गया कि इस मंत्रालय की जिम्मेदारी अब अर्जुन राम मेघवाल को सौंपी गई है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई थी। इस बीच रिजिजू ने एक ट्वीट में कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय



विधि एवं न्याय मंत्री के रूप में कार्य करना उनके लिए एक विशेषाधिकार और सम्मान की बात रही है। मैं भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, उच्चतम न्यायालय के सभी न्यायाधीशों, उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों, निचली न्यायपालिका और सभी कानून अधिकारियों को न्याय की सुगमता सुनिश्चित करने और हमारे नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं प्रदान करने में भारी समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए उसी उत्साह और जोश के साथ काम करने को तत्पर हूं, जिसे मैंने एक विनम्र कार्यकर्ता के रूप में आत्मसात किया है।

## मायावती के टिकट पर जीती पार्षद, थामा भाजपा का दामन, उड़े बसपाइयों के होश

आगरा। नगर निकाय चुनाव होते ही बहुजन समाज पार्टी को बड़ा झटका लगा है। आगरा से बसपा के टिकट पर जीतीं पार्षद ने भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री चौधरी उदयभान सिंह के आवास पर पहुंचकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। नगर निगम वार्ड-74 सिकंदरा से बसपा की टिकट पर पार्षद का चुनाव जीती गौरा ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इसके लिए वे उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री चौधरी उदयभान सिंह के जयपुर हाउस स्थित कराने पर पहुंची। चौधरी उदयभान सिंह ने उन्हें लड्डू खिलाए और भाजपा में शामिल कर लिया। भाजपा में शामिल हुई ठाकुर गौरा देवी सिकरवार ने इस संबंध में पार्टी के आगरा महानगर अध्यक्ष भानु महाजन को एक पत्र भी लिखा है।

## 'मेरे खिलाफ हो रही साजिश, चार्जशीट में जोड़ा जा सकता है नाम', राबड़ी देवी से ईडी की पूछताछ पर बोले तेजस्वी

पटना। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि उनके खिलाफ साजिश हो रही है। चार्जशीट में अभी नाम नहीं है, लेकिन सप्लीमेंट्री चार्जशीट में मेरा भी नाम जोड़ा जा सकता है। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और तेजस्वी यादव की मां राबड़ी देवी से ईडी की पूछताछ को लेकर पूछे गए सवाल के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने यह टिप्पणी की। ईडी की ओर से राबड़ी देवी से पूछताछ पर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा, "इसमें आश्चर्य वाली क्या बात है। कर्नाटक चुनाव खत्म हो चुका है। भाजपा के लोग साल 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर सबसे ज्यादा बिहार से डरे हुए हैं। उसी को लेकर ये लोग कार्रवाई कर रहे हैं। अभी मेरा चार्जशीट में नाम नहीं है, लेकिन हो सकता है सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल कर दें और उसमें मेरा भी नाम जोड़ दें।" तेजस्वी यादव ने कहा कि यह बात महागठबंधन की सरकार बनी, तभी



से पता थी कि अब भाजपा चुप नहीं बैठेगी। अब तक एजेंसियों ने कितनी बार कार्रवाई की, इसका रिकॉर्ड एजेंसियों के पास भी नहीं होगा, लेकिन उन्हें आज तक कुछ मिला क्या?

रेलवे घोटाला यानी नौकरी के बदले जमीन लेने के मामले में ईडी ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से गुरुवार को पूछताछ की। राबड़ी देवी गुरुवार को करीब 11.30 बजे ईडी ऑफिस पहुंची। उन्होंने इस मामले में धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराया। इससे पहले इसी मामले में सीबीआई ने राबड़ी देवी से पूछताछ की थी। इसी मामले में पहले ही ईडी तेजस्वी यादव और मीसा भारती से भी पूछताछ कर चुकी है। इससे पहले नौकरी के बदले जमीन मामले की जांच के क्रम में सीबीआइ ने लालू परिवार के सभी सदस्यों के नाम से खरीदी गई संपत्ति का ब्योरा मांगा है, जिसमें लालू परिवार को साल 2004 से 2009 तक का संपत्ति ब्यौरा देना होगा। इसमें उनके बेटी और दामाद भी शामिल हैं।

## ट्रक को ओवरटेक करने में डिवाइडर से टकराई कार, चार की मौत, तीन घायल

लखनऊ। लखनऊ-हरदोई हाइवे पर स्थित जिंदौर गांव के पास देर रात एक बजे सड़क हादसे में चार की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गये। हादसा ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान हुआ। कार सवार हरदोई के संडीला स्थित अनवरी मोहल्ला के रहने वाले थे। लखनऊ एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक रहीमाबाद अख्तियार अंसारी के मुताबिक बृहस्पतिवार देर रात जिंदौर गांव के पास एक बजे लखनऊ से हरदोई की तरफ जा रही कार ने ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान चालक कार से नियंत्रण खो दिया। जिसके कारण कार डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में संडीला के अनवरी मोहल्ला निवासी समीना (30), बेटी आशिया (2), अब्दुल रहमान (7) और फातिमा की मौत हो गई। वहीं कार सवार फहद, अमान सहित तीन गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस के मुताबिक हादसा होने की सूचना मिलने पर टीम पहुंची। अंदर चीखपुकार मची थी। दरवाजा लॉक हो गया था। पुलिस ने कार के पिछले हिस्से का शीशा तोड़ा। इसके




बाद एक-एक कर सभी को बाहर निकाला। घायलों को एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए परिजन लेकर गये हैं। वहीं मृतकों के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना किया। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पंचनामा भरकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। परिजन शव लेकर हरदोई चले गये।

## 'आखिरी गेंद तक लडूंगा', पाक में हुई हिंसा मामलों में जमानत मिलने पर बोले पूर्व पीएम इमरान खान

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की नौ मई को गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा के चलते उनके खिलाफ दायर तीन मामलों में उन्हें बड़ी राहत मिली है। पाक की आतंकवाद रोधी अदालत ने शुक्रवार को इमरान खान की गिरफ्तारी से पहले जमानत मंजूर कर ली।

लाहौर आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) ने उन्हें दो जून तक जमानत देते हुए जांच का हिस्सा बनने का निर्देश दिया। खान के खिलाफ दर्ज मामलों में से एक लाहौर में कोर कमांडर हाउस पर हमले से संबंधित है। जमानत के बाद एटीसी अदालत कक्ष में पत्रकारों को संबोधित करते हुए खान ने कहा कि उन्होंने पिछले 35 वर्षों में सरकार द्वारा कभी भी इस तरह की "कार्रवाई" नहीं देखी। इमरान ने कहा, "ऐसा लगता है जैसे सभी मौलिक अधिकार समाप्त हो गए हैं, केवल अदालतें अब मानवाधिकारों की



रक्षा कर रही हैं।" खान ने आगे कहा कि जो भी हो जो वो "आखिरी गेंद तक" लड़ेंगे। 9 मई को आईएचसी परिसर में अर्धसैनिक बल पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा इमरान खान की गिरफ्तारी से पाकिस्तान में अशांति फैल गई थी। पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार, प्रदर्शनकारियों ने रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर धावा बोल दिया और लाहौर में एक कोर कमांडर के घर में आग लगा दी। जिसके बाद सरकार ने इमरान पर हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। पुलिस ने हिंसक झड़पों में मरने वालों की संख्या 10 बताई है, जबकि खान की पार्टी का दावा है कि सुरक्षाकर्मियों की गोलीबारी में उसके 40 कार्यकताओं की जान चली गई। बता दें कि शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने नागरिक और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने वालों को पाकिस्तानी सेना अधिनियम और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम सहित देश के संबंधित कानूनों के तहत सजा देने की बात कही है।

## लोकसभा चुनाव तक जारी रहेगा रालोद-सपा का गठबंधन : जयंत सिंह

बागपत। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अभी से घमासान शुरू हो गया है। शुक्रवार को रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह ने बागपत में समरसता अभियान शुरू करते हुए कहा कि हिंदू-मुस्लिम कुछ नहीं हम सब एक हैं और एक मुल्क में रहते हैं। निकाय चुनाव में रालोद कार्यकताओं ने नया इतिहास रचा है। सपा से गठबंधन जारी रहेगा। रालोद अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य चौधरी जयन्त सिंह प्रातः 11.16 बजे जैन धर्मशाला बागपत में समरसता अभियान तथा धन्यवाद सभा को संबोधित किया। कहा कि बागपत शहर में रालोद के सिंबल पर राजुद्दीन एडवोकेट ने चौथी बार जीत दर्ज कराई। जिसने वोट दिया उनका भी सम्मान करें और जिन्होंने वोट नहीं दी उनका भी सम्मान करें। शहर के लोगों को साथ लेकर चलने का काम करें। शहर में जो विकास रह गया उसे अब कराने का काम करें। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में रालोद को जिस तरह सफलता मिली उसका पूरा श्रेय कार्यकताओं को है। निकाय चुनाव में न हम प्रचार करने आए और न हमारे बड़े नेता आए लेकिन कार्यकताओं ने मेहनत की। निकाय बड़ी महत्वपूर्ण ईकाई है, क्योंकि वर्तमान में शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है। उप्र में हर चौथा व्यक्ति शहर में रहता है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 28 प्रतिशत लोग शहर में



रहते हैं। इसका मतलब गांवों में न विकास हुआ और न लोगों को आगे बढ़ने का मौका मिला। इसलिए लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। ऐसे में निकायों की बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की और जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने चौधरी चरण सिंह व अजीत सिंह का नाम लेते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि बागपत के लोग मुझे भी ऐसा ही आशीर्वाद देंगे।

## पीएम मोदी के 'विजन 2047' के लिए बनेगा एक्शन प्लान, अमित शाह दिल्ली में कर रहे चिंतन शिविर

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को दूसरे 'चिंतन शिविर' की अध्यक्षता कर रहे हैं। नई दिल्ली में होने वाले इस चिंतन शिविर में गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसमें पीएम मोदी के 'विजन 2047' को अमल में लाने के लिए एक्शन प्लान पर चर्चा होगी। समाचार एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस चिंतन शिविर का उद्देश्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करना और पीएम मोदी के 'विजन 2047' को लागू करने के लिए एक एक्शन प्लान तैयार करना है। इससे पहले शाह ने 18 अप्रैल को गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के पहले 'चिंतन शिविर' की अध्यक्षता की थी। शाह ने शिविर में साइबर अपराध प्रबंधन, पुलिस बलों के आधुनिकीकरण, आपराधिक न्याय प्रणाली में आईटी के बढ़ते उपयोग, भूमि सीमा प्रबंधन और तटीय सुरक्षा मुद्दों के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर जोर दिया था। पहले 'चिंतन शिविर' का उद्देश्य मंत्रालय के काम की समीक्षा करना और पीएम



मोदी के 'विजन 2047' को लागू करने के लिए एक एक्शन प्लान तैयार करना था। यहां शाह ने भर्ती प्रक्रिया को तेजी से शुरू करने की आवश्यकता पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा था कि भविष्य की रिक्तियों की भर्ती की प्रक्रिया काफी पहले शुरू की जानी चाहिए। शाह ने अधिकारियों से कहा था कि विभागीय पदोन्नति समितियों (डीपीसी) की बैठकें नियमित रूप से होनी चाहिए ताकि कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपाय करने पर भी जोर दिया। गृह मंत्री ने तब ट्रेनिंग के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय के सभी विंगों द्वारा नियमित ट्रेनिंग आयोजित किया जाना चाहिए। शाह ने तब गृह मंत्रालय के अधिकारियों को विकास योजनाओं की निगरानी के लिए क्षेत्र का दौरा करने का सुझाव दिया और सीमावर्ती क्षेत्रों में बाड़ और सड़कों के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## चीनी स्वामित्व वाली कंपनी पर ईडी ने की बड़ी कार्रवाई, 8.26 करोड़ रुपये का फंड किया जब्त

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने बेंगलुरु में चीनी स्वामित्व वाली शिक्षा कंपनी पर छापा मारा है। ईडी ने कंपनी का 8.26 करोड़ रुपये मूल्य का फंड जब्त कर लिया है। कंपनी का पूर्ण स्वामित्व और नियंत्रण चीनी नागरिकों के पास है। ईडी के द्वारा की गई जांच में पता चला कि कंपनी ने विदेशी मुद्रा कानून का कथित उल्लंघन किया है।

पिजन एजुकेशन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के फंड को फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) की धारा 37ए के तहत जब्त कर लिया गया है। कंपनी ने "ओडाक्लास" ब्रांड नाम के तहत ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अप्रैल में कंपनी के खिलाफ जांच शुरू की थी। ईडी की जांच में खुलासा हुआ था कि यह कंपनी चीनी नागरिकों के 100 प्रतिशत स्वामित्व में है और वित्तीय निर्णयों सहित कंपनी के सभी मामलों को चीन में बैठे व्यक्तियों द्वारा लिया जा रहा है। वहीं, एजेंसी ने आरोप लगाया कि कंपनी ने चीन के निदेशक लियू कैन के निर्देश पर विज्ञापन और मार्केटिंग खर्च के नाम पर चीन और हांगकांग को 82.72 करोड़ रुपये का चूना लगाया है।

ईडी ने बताया कि कंपनी अपनी ओर से सेवा प्राप्ति का कोई सबूत और उक्त खर्च के खिलाफ प्रकाशित किसी विज्ञापन का सबूत पेश नहीं कर सकी। ईडी ने कहा कि कंपनी के निदेशक और लेखा प्रबंधक ने जांच के दौरान स्वीकार किया कि कैन के निर्देश पर ही भुगतान किया गया था। कंपनी के भारतीय निदेशक वेदांत हमीरवासिया ने कहा कि चीनी निदेशक ने उन्हें बताया कि विज्ञापन गूगल और फेसबुक के माध्यम से प्रकाशित किए गए थे। हालांकि, इन प्लेटफार्मों द्वारा कोई पुष्टि या चालान नहीं किया गया।

## संपादकीय

### कर्नाटक की कमान

कर्नाटक के दो कद्दावर नेताओं सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार ने मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पेश की थी। कर्नाटक विधानसभा चुनाव जिताने में दोनों की अहम भूमिका मानी जा रही है। ऐसे में स्वाभाविक ही पार्टी आलाकमान के सामने मुश्किल थी कि वह दोनों में से किसे मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपे। जिन दलों में कई कद्दावर नेता होते हैं, वहां ऐसी दुविधा की स्थिति पैदा होती ही है। अगर उनमें संतुलन न साधा जाए, तो सरकार के कामकाज में अड़चनें बनी रहती हैं और फिर अगले चुनावों का गणित भी बिगड़ता है। सिद्धरमैया अनुभवी नेता हैं, इससे पहले पांच साल तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उनका कार्यकाल संतोषजनक रहा है। फिर कर्नाटक में उनका बड़ा जनाधार है। इस चुनाव में भी कांग्रेस अगर अल्पसंख्यक, अन्य पिछड़ी जातियों और दलितों को अपने पक्ष में जोड़ सकी, तो उसके पीछे सिद्धरमैया का प्रभाव ही काम आया। आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में सिद्धरमैया को नाराज करना कांग्रेस के लिए परेशानी मोल लेना साबित हो सकता था। फिर चुनाव घोषणापत्र में कांग्रेस ने जो पांच बड़े वादे किए हैं, उन्हें मंत्रिमंडल की पहली ही बैठक में पूरा करने का संकल्प है। इसके लिए दृढ़ राजनीतिक नेतृत्व और कुशल आर्थिक संयोजन बहुत जरूरी है। इस मामले में सिद्धरमैया ही कारगर साबित हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में सिद्धरमैया के गणित का लोहा विपक्षी भी मानते रहे हैं। उनके बरक्स डीके शिवकुमार पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं, उनकी निष्ठा और लगन में कोई कमी नहीं। इस चुनाव में उनकी मेहनत नतीजों में भी परिवर्तित हुई। मगर सबसे बड़ी अड़चन उनके साथ यह है कि उन पर कर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप हैं, जिसके चलते उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। अगर कांग्रेस उन्हें मुख्यमंत्री पद पर बिठा देती और आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय सक्रिय होकर उन्हें फिर गिरफ्तार कर ले जाते, तो पार्टी के लिए नई मुसीबत खड़ी हो जाती। इसलिए चुनाव नतीजे आने के तुरंत बाद से ही पार्टी में उन्हें लेकर हिचक साफ दिखाई दे रही थी, पर डीके शिवकुमार अपनी दावेदारी पेश करने और दबाव बनाने का प्रयास करते रहे। मगर पार्टी ने उचित ही व्यावहारिक पहलुओं पर ध्यान देते हुए उन्हें उप-मुख्यमंत्री का पद दिया। इससे उनके सम्मान में कहीं से कोई कमी नहीं आने पाई है। कांग्रेस के लिए यह कोई पहला मौका नहीं था, जब दो बड़े नेता मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल थे और उनके बीच उसे संतुलन बिठाना था। छत्तीसगढ़ में भी यही संकट खड़ा हो गया था, तब आधे-आधे कार्यकाल के लिए भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव के बीच फामूर्ला तय किया था। राजस्थान में सचिन पायलट को उप-मुख्यमंत्री बनाया गया। अभी हिमाचल प्रदेश में भी इसी तरह मुख्यमंत्री पद की दौड़ शुरू हुई, तो दो प्रभावशाली नेताओं में मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री पदों का बंटवारा किया गया। हालांकि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में दोनों नेताओं के बीच खींचतान देखी जाती रही, पर सरकारें अपना काम करती रहीं। कर्नाटक में ऐसी स्थिति पैदा न होने पाए, इसके लिए केंद्रीय कमान को दोनों नेताओं के बीच तालमेल बनाए रखना होगा। महत्त्वपूर्ण बात यह कि इन दोनों नेताओं को खुद उसी तरह एकजुट होकर काम करना होगा, जिस तरह चुनाव के समय किया। नेतृत्व में तनाव आखिरकार राज्य की जनता के हितों को प्रभावित करता है।

### चल अकेला चल!



एकता की अभी से ।
हवा रही निकल ।।
जो कहते थे साथ हैं ।
चल अकेला चल ।।
है अभी यह हाल ।
होगा कैसे काम ।।
हैं भटके सब राही ।
दिखते जो तमाम ।।
कथनी और करनी में ।
आ रहा बदलाव ।।
कौन है वो आखिर ।
लगे जिस पर दाव ।।
स्थिति स्पष्ट नहीं ।
है नजदीक बेला ।।
हो जाए ना ऐसा ।
रहें सब अकेला ।।

–कृष्णोन्द्र राय

# गरीबी दूर कर भारत ने दुनिया को दिखा दिया कि मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर हर काम संभव है

भारत में विशेष रूप से कोरोना महामारी के बीच एवं इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा गरीब वर्ग के लाभार्थ चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों के परिणाम अब सामने आने लगे हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के अंतर्गत देश के 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज की जो सुविधा प्रदान की गई है एवं इसे कोरोना महामारी के बाद भी जारी रखा गया है, इसके परिणामस्वरूप देश में गरीब वर्ग को बहुत लाभ हुआ है। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में गरीबी के अनुमान पर एक वर्किंग पेपर जारी किया है। इस वर्किंग पेपर में अलग-अलग मान्यताओं के आधार पर भारत में गरीबी को लेकर अनुमान व्यक्त किए गए हैं।

इस वर्किंग पेपर के अनुसार, हाल ही के समय में भारत में 1.2 करोड़ नागरिक अतिगरीबी रेखा के ऊपर आ गए हैं। वर्ष 2022 में विश्व बैंक द्वारा जारी किए गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार, वर्ष 2011 में भारत में 22.5 प्रतिशत नागरिक गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थे परंतु वर्ष 2019 में यह प्रतिशत घटकर 10.2 रह गया है। वर्ष 2016 में भारत में अतिगरीब वर्ग की आबादी 12.4 करोड़ थी जो वर्ष 2022 में घटकर 1.5 करोड़ रह गई है। पिछले दो दशकों के दौरान भारत में 40 करोड़ से अधिक नागरिक गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। दरअसल पिछले लगभग 9 वर्षों के दौरान भारत के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवेश में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। जिसके चलते भारत में गरीबी तेजी से कम हुई है और भारत को गरीबी उन्मूलन के मामले में बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

अतिगरीबी का आकलन 1.9 अमेरिकी डॉलर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन आय के आधार पर किया जाता है। इस परिभाषा के अनुसार किए गए आकलन के अनुसार अब भारत में केवल 0.9 प्रतिशत नागरिक ही इस गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व तक भारत में करोड़ों नागरिक अतिगरीबी में जीते थे। वैश्विक स्तर पर एक दूसरी परिभाषा के अनुसार भी गरीबी का आकलन किया जाता है। इसके अनुसार जिस नागरिक की प्रतिदिन आय 3.2 अमेरिकी डॉलर से कम है, वह व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे जीवन करने वाला नागरिक माना जाता है। इसी प्रकार, संयुक्त राष्ट्र (यूएनडीपी) द्वारा जारी किये गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार भी पिछले 15 वर्षों के दौरान भारत में गरीबी आधे से ज्यादा घटी है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक में भारत ने कई देशों को पीछे छोड़ा है। भारत सरकार ने गरीबवर्ग के नागरिकों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने में सफल नेतृत्व प्रदान किया है। स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जीवन स्तर जैसे मानकों के आधार पर भारत ने अच्छा काम किया है एवं भारत सरकार द्वारा इस संदर्भ में लागू की गई विभिन्न योजनाओं का अच्छा असर हुआ है। भारत ने गरीबी के खिलाफ जंग में एक मिसाल पेश की है। भारत की इस सफलता पर यूएनडीपी ने भारत सरकार की जबरदस्त सराहना की है।

भारत में अतिगरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले करोड़ों नागरिकों का इतने कम समय में गरीबी रेखा के ऊपर आना विश्व के अन्य देशों के लिए एक सबक है। इतने कम समय में किसी भी देश में इतनी तादाद में लोग अपनी आर्थिक स्थिति सुधार पाए हैं ऐसा कहीं नहीं हुआ है। भारत में गरीबी का जो बदलाव आया है वह धरातल पर दिखाई देता है। इससे पूरे विश्व में भारत की छवि बदल गई है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2022 प्रतिवेदन के अनुसार ग्लोबल मल्टी डाईमेंशनल पावर्टी इंडेक्स को जारी करने के पूर्व, पूरे विश्व के 111 देशों के परिवारों में सर्वे किए गए। कुल मिलाकर पूरे विश्व के 610 करोड़ नागरिकों का सर्वेक्षण किया गया एवं यह पाया गया कि पूरे विश्व में 120 करोड़ नागरिक अभी भी अतिगरीबी से जूझ रहे हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी प्रतिवेदन में बताया गया है कि विश्व के विभिन्न देशों में 59 करोड़ गरीब नागरिकों को ईंधन की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं। यह परिवार भोजन पकाने के लिए ईंधन एवं घरों में रोशनी के लिए बिजली की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। जबकि भारत गरीबी के खिलाफ जंग को बहुत मजबूती के साथ लड़ रहा है। भारत में 41.5 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा के ऊपर लाए जा चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र ने इसे ऐतिहासिक बदलाव बताया है। भारत में कोरोना महामारी खंडकाल के दौरान एवं इसके बाद भी अत्यधिक गरीबी के स्तर में कोई बढ़ोत्तरी दर्ज नहीं की गई है जबकि विश्व के अन्य कई



देशों में इस संदर्भ में स्थिति अभी भी दयनीय बनी हुई है। अमेरिका जैसे विकसित देश में भी होमलेस नागरिकों की संख्या 6 लाख से अधिक बताई जा रही है। भारत में 60, 70 एवं 80 के दशकों में हम लगभग समस्त नागरिक हमारे बचपन काल से ही सुनते आए हैं कि भारत एक गरीब देश है एवं भारतीय नागरिक अति गरीब हैं। हालांकि भारत का प्राचीनकाल बहुत उज्जवल रहा है, परंतु आक्रांताओं एवं ब्रिटेन ने अपने शासन काल में भारत को लूटकर एक गरीब देश बना दिया था। अब समय का चक्र पूर्णतः घूमते हुए आज के खंडकाल पर आकर खड़ा हो गया है एवं भारत पूरे विश्व को कई मामलों में अपना नेतृत्व प्रदान करता दिखाई दे रहा है। गरीबी उन्मूलन का क्षेत्र भी अब इसमें शामिल हो गया है। भारत के आर्थिक विकास के संबंच में पिछले कुछ वर्षों से लगातार बहुत अच्छी खबरें सुनाई दे रही हैं। सकल घरेलू उत्पाद में तेज वृद्धि दर, भारत से उत्पादों के निर्यात में तेज होती वृद्धि दर और अभी हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी एक रिपोर्ट, जिसमें बताया गया है कि भारत में गरीबी में भारी कमी दर्ज की गई है। भारत में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी हटाओ का नारा तो बहुत लगाया गया परंतु धरातल पर गरीबी हटती हुई दिखाई नहीं दी थी। गरीबी हटाने के लिए भारत में कई योजनाएं बनीं, कई कार्यदल बने एवं कई समितियां बनीं परंतु गरीबी में कोई बड़ा बदलाव दिखाई नहीं दिया। इस संदर्भ में गठित की गई कुछ महत्वपूर्ण समितियों को यहां दशार्या जा रहा है।

वर्ष 1962 में योजना आयोग कार्य समूह का गठन, वर्ष 1971 वी.एम. दांडेकर और एन. रथ समिति, वर्ष 1979 में अलघ समिति, वर्ष 1993 में लकड़ावाला समिति, वर्ष 2009 में तेंदुलकर समिति एवं वर्ष 2014 में रंगराजन समिति। इसी प्रकार तत्कालीन सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों में शामिल हैं, वर्ष 1952 में सामुदायिक विकास परियोजना, वर्ष 1953 में राष्ट्रीय विस्तार सेवा कार्यक्रम लांच किया गया, वर्ष 1970 में सूखा क्षेत्र पीड़ित कार्यक्रम लाया गया, वर्ष 1971 में लघु कृषक विकास एजेंसी की स्थापना की गई। साथ ही, पंचवर्षीय योजनाओं के जरिए गरीबी कम करने की कोशिश की गई, चौथी पंचवर्षीय योजना में गरीबी से मुक्ति प्राप्त करने, सामाजिक समानता लाने एवं सामाजिक न्याय की स्थापना करने का प्रण लिया गया। परंतु भारत में गरीबी कम करने के संदर्भ में कुछ उत्साहजनक परिणाम दिखाई नहीं दिए थे, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2022 के बीच वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई समस्त योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की जा सकी हैं।

# बिहार निकाय चुनावः पंगु बनती संस्थाएं और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती सरकार की योजनाएं

बिहार में तीसरे और अंतिम चरण की अधिसूचना जारी कर दी गई है। नामांकन शुरू हो चुका है और नौ जून को शहर की सरकार चुनने के लिए मतदाता वोट डालेंगे। जबकि 11 जून को मतगणना की जाएगी। इस चरण में 31 शहरों में वोटिंग होगी। जिसमें दो नगर निगम मधुबनी और सहरसा भी शामिल हैं। तीसरे चरण में अधिकतर उन जगहों पर मतदान होना है, जिन्हें हाल ही में अपग्रेड किया गया है। जैसे कि मधुबनी और सहरसा, ये दोनों शहर पहले नगर परिषद थे जिन्हें अपग्रेड करने के बाद नगर निगम बना दिया गया है। जाहिर-सी बात है कि इन दोनों शहरों के नगर निगम बनने के बाद इसमें वे गांव भी शामिल कर लिए गए हैं जो इन शहरों के आसपास थे। परिसिमन के बाद कुछ दिनों तक हो हंगामा चला। विभिन्न दलों और नेताओं ने अपनी-अपनी राजनीतिक रोटी सेकने की कोशिश की। गांवों को शहर बनाने के प्रयास का विरोध किया गया। फलस्वरूप इन गांवों में दो साल पहले पंचायत चुनाव करवा लिया गया। अब दो साल बाद इन गांवों में शहर की सरकार चुनने के लिए फिर से वोट डाले जाएंगे। ऐसे में यह सवाल उठना तो लाजिमी ही है कि जब इन गांवों को नगर निगम में शामिल ही करना था तो इनमें पंचायत चुनाव क्यों करवाया गया?

इन पंचायतों के मुखियाजी जो लाखों-करोड़ों खर्च करने के बाद मुखिया बने थे अब इस बात का रोना रो रहे हैं कि पंचायत चुनाव में नाहक इतने रुपये खर्च कर लिए। यह घाटे का सौदा हो गया। सो अब वे मेयर व उप मेयर पद के लिए ताल ठोंक रहे हैं। धुआंधार प्रचार चल रहा है। उम्मीद यही है कि पंचायत चुनाव में जो घाटे का कारोबार हुआ था, निकाय चुनाव जीतने पर उसकी भरपाई हो जाएगी। मुनाफा हो या न हो लेकिन मूलधन तो वापस आ ही जाएगा। लेकिन यह राह भी इतनी आसान नहीं। क्योंकि कुछ लोग तो साल भर से निकाय चुनाव की बाट जोह रहे हैं और जनता के बीच जाकर समाजसेवी बने हुए हैं। यह अलग बात है कि चुनाव में हार या जीत होने के बाद उन्हें फिर इस समाज से कोई मतलब नहीं रह जाएगा। अब जब चुनाव की बात चली है तो एक वाकया याद आ रहा है। पंचायत चुनाव का समय था। झंझारपुर से सटी हुई एक पंचायत में चुनाव से ठीक एक दिन पहले रात को एक मुखिया प्रत्याशी के समर्थक मतदाताओं के घर पहुंचने लगे और



उन्हें पांच-पांच सौ रुपये का नोट थमाकर अपने नेताजी के समर्थन में आशीर्वाद देने की गुजारिश की। यह जानकारी दूसरे प्रत्याशी को लगी तो उन्होंने भी अपने समर्थकों को वहां भेजा और अपनी तरफ से हजार-हजार रुपये मतदाताओं के बीच बंटवाए। तीसरे प्रत्याशी से भी रहा नहीं गया और उनके समर्थकों ने मतदाताओं के बीच पंद्रह-पंद्रह सौ रुपये बंटवाए। रुपये तो भला किसी को बुरा नहीं लगता, सो मतदाताओं ने भी किसी को मना नहीं किया और सबको अपना बहुमूल्य वोट देने का आश्वासन दिया। सुबह में उनके वोट हजार रुपये बांटने वाले प्रत्याशी के पक्ष में गिरा। कुछ मतदाताओं ने बताया कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उक्त महिला प्रत्याशी के टैटू ने उन्हें आकर्षित किया। और जब यह पता चला कि उक्त महिला टैटू बनवाने के लिए कभी-कभार दिल्ली जाया करती हैं तो उनसे रहा नहीं गया। फिलहाल यह पंचायत अब झंझारपुर नगर परिषद में शामिल कर ली गई है और अब ये तीनों प्रत्याशी फिर से चुनाव मैदान में हैं।

बिहार में पंचायत की सरकार हो या नगर की सरकार, सबको मुख्यमंत्री की सात निश्चय योजना को पूरा करना है। कुछ जिलों के मुखिया संघ ने अलबत्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया लेकिन वे भी इस योजना के खिलाफ बोल नहीं सके। क्योंकि उन्हीं में से बहुत सारे लोगों का यह मानना है कि यह सात निश्चय योजना सोने का अंडा देने वाली मुर्गी है। खासकर नल जल योजना तो कामधेनु है। इससे मुखिया हो या वार्ड मेंबर, सभी लाभान्वित हुए हैं। जनता को इस योजना से कुछ खास लेना-देना नहीं है। क्योंकि अब बिहार के लगभग सभी गांवों के सभी घरों में चापाकल हैं, जिससे वे पानी की जरूरत पूरी कर लेते हैं। लोगों का तो साफ कहना है कि अगर यह पानी फिल्टर्ड रहता तो उन्हें कोई लोभ भी रहता लेकिन समरसिबल लगाया और पानी निकाला। फिर उसी पानी को घर-घर पहुंचा देना कौन-सी बहादुरी है। सो उन्हें कोई मतलब नहीं कि आंगन में नल लगा या नहीं, नल में जल आया वा नहीं।

जिस तरह राज्य सरकार मुख्य मुद्दे से से जी चुराने का काम कर रही है, ठीक उसी तरह पंचायत और नगर की सरकारें भी मुख्य मुद्दे से जी चुराने का काम कर रही हैं। अभी भीषण गरमी का मौसम है और जल संसाधन के मामले में समृद्ध माना जाने वाले उत्तर बिहार के कई जिलों के जलस्तर भयानक रूप से नीचे चला गया है। 70 से 75 फीसदी चापाकलों ने पानी देना बंद कर दिया है। लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं है। कुछ दिनों के बाद बरसात होगी और ये शहर भीषण जलजमाव की चपेट में होंगे। निकाय चुनाव के प्रत्याशी लोगों को यह दिवास्वप्न दिखा रहे हैं कि चुनाव जीतने के बाद वे इस समस्या का समाधान करेंगे लेकिन सत्य यही है कि वे चुनाव जीतने के बाद इस समस्या से जी चुरा लेंगे। क्योंकि किसी के पास इस समस्या के समाधान के लिए कोई रोडमैप नहीं है।

असल में नगर सरकार हो वा पंचायत सरकार, चाह कर भी इन समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई पहल नहीं कर सकती क्योंकि योजना बनाने का अधिकार इनके पास है ही नहीं। योजनाएं राज्य सरकार बनाती हैं और ये सरकारें इन योजनाओं को लागू करने का काम करती हैं। राज्य सरकार की ओर से पहले से यह तय कर दिया जाता है कि अमुक योजना में इतनी राशि हर हाल में खर्च करनी है। और योजनाओं को लागू करने वाली ये सरकारें भी खूब समझती हैं कि इन योजनाओं का धरातल पर कितना महत्व है। अपनी महत्वाकांक्षा के चक्कर में राज्य सरकार ने इन संस्थाओं को पंगु बनाने का काम किया है। जिसका कारण है कि सरकार की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाएं भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं।

# किरेन रिजिजू भी वही गलती कर बैठे जो मंत्री रहते रविशंकर प्रसाद ने की थी... नतीजा सबके सामने है

केंद्र में अपनी सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर भाजपा जहां नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियाँ घर-घर तक पहुँचाने और आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियां शुरू करने की योजना बना रही है वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा कर रहे हैं। कुछ समय पहले ही उन्होंने सभी मंत्रियों से अपनी उपलब्धियों का ब्यौरा देने को कहा था। मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री ने कैबिनेट मंत्री किरेन रिजिजू से कानून मंत्रालय का प्रभार वापस लेकर उन्हें पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में भेज दिया। रिजिजू पर हुई इस कार्रवाई से यकीनन बाकी मंत्रियों को भी इस बात की चिंता सताने लगी होगी कि कहीं उनके कामकाज में कोई कमी पाकर उन्हें हटाये जाने या उनका किसी और मंत्रालय में तबादला करने की कार्यवाही ना कर दी जाये।

जहां तक रिजिजू पर की गयी कार्रवाई की बात है तो आपको बता दें कि ऐसा माना गया कि न्यायपालिका के साथ उनके रिश्ते काफी असहज रहे। रिजिजू सार्वजनिक रूप से न्यायपालिका पर ऐसी टिप्पणियां कर देते थे जिससे सरकार के लिए मुश्किल स्थिति खड़ी हो जाती थी। कई बार तो रिजिजू के बयानों पर न्यायाधीशों की नाराजगी भी सामने आई। इसके अलावा हाल में उच्चतम न्यायालय के कई ऐसे फैसले सामने आये जिसके बारे में माना गया कि सरकार का पक्ष कानून मंत्रालय ने सही तरीके से नहीं रखा था। इन फैसलों में महाराष्ट्र और दिल्ली की राजनीति से जुड़े मामले भी शामिल थे। रिजिजू ने उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम में सरकारी प्रतिनिधि की माँग को लेकर जिस तरह दबाव बनाया हुआ था उससे भी न्यायपालिका खुश नहीं थी। कानून मंत्री के तौर पर रिजिजू ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली को भारत के संविधान से अलग बताते हुए कहा था कि यह देश के लोगों द्वारा समर्थित नहीं है। यही नहीं, कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के भारत विरोधी गिरोह का हिस्सा होने संबंधी उनकी हालिया टिप्पणी पर भी कड़ी प्रतिक्रिया जताई गयी थी। रिजिजू ने कहा था कि कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीश और कुछ कार्यकर्ता जो भारत विरोधी गिरोह का हिस्सा हैं, वे कोशिश कर रहे हैं कि भारतीय न्यायपालिका विपक्षी दल की भूमिका



निभाए।

वैसे इसमें कोई दो राय नहीं कि कानून मंत्री रहते किरेन रिजिजू ने न्यायालयों में बुनियादी से लेकर आधुनिक सुविधाएं बढ़ाने का काम बड़ी तेजी से किया और आम आदमी के मन की बात को वह सार्वजनिक मंचों से बोलते रहे लेकिन शायद यह बोलना कुछ ज्यादा हो गया था जिसके चलते कानून मंत्रालय से उनकी विदाई हो गयी। लगभग दो साल पहले यानि जुलाई 2021 में जब रिजिजू को पदोन्नति देकर कैबिनेट मंत्री बनाया गया था तब प्रधानमंत्री को उनसे बड़ी उम्मीदें थीं। लेकिन रिजिजू के नेतृत्व वाला कानून मंत्रालय विवादों में बना रहा। रिजिजू को जब कानून मंत्री बनाया गया था तब भी उनकी आलोचना में जो स्वर उभरे थे उनमें यही कहा गया था कि इस महत्वपूर्ण मंत्रालय के लिए वह बहुत नये और कम अनुभवी हैं। मोदी सरकार में इससे पहले गृह राज्य मंत्री और खेल मामलों के मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार के राज्यमंत्री रह चुके रिजिजू हालांकि पूर्वोत्तर की राजनीति का बड़ा चेहरा हैं इसलिए उनकी मंत्रिमंडल से छुट्टी तो नहीं की गयी है लेकिन उनका मंत्रालय बदल कर उन्हें कामकाज सुधारने संबंधी चेतावनी जरूर दे दी गयी है। रिजिजू ने दरअसल ठीक वही गलतियां कीं जो दूरसंचार और आईटी मंत्री रहते हुए रविशंकर प्रसाद ने की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने जब अपने मंत्रिमंडल से रविशंकर प्रसाद को बाहर किया था तब सभी को हैरानी हुई थी। दरअसल रविशंकर प्रसाद मंत्री रहते हुए नामी-गिरामी सोशल मीडिया कंपनियों से सार्वजनिक रूप से भिड़े हुए थे जिससे कई बार विदेशी निवेशकों में ऐसा भी संदेश गया कि भारत एक ओर तो निवेश का न्योता दे रहा है और दूसरी ओर हमें अपने कड़े कानूनों से डरा रहा है। निवेशकों में यह संदेश जा रहा था कि भारत में सख्त कानूनों की वजह से कारोबार करना आसान नहीं है। सोशल मीडिया कंपनियों खासकर ट्विटर के खिलाफ कई बार रविशंकर प्रसाद ने ऐसे-ऐसे बयान दिये थे जिससे वैश्विक मंचों पर भारत की उज्ज्वल तस्वीर प्रस्तुत कर रही मोदी सरकार के लिए असहज स्थिति पैदा हो गयी थी। यही कारण रहा कि रविशंकर प्रसाद को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी यह नहीं चाहते हैं कि संस्थाएं या मंत्रालय आपस में ही भिड़े रहें और कोई मंत्री कामकाज से हीरो बनने की बजाय सिर्फ बयानवीर बना रहे। साथ ही रविशंकर प्रसाद कानून मंत्री रहते हुए भी अदालतों में सरकार का पक्ष ठीक से नहीं रखवा पा रहे थे। जिस तरह से कोरोना महामारी की दूसरी लहर के दौरान केंद्र सरकार को कभी हाईकोर्ट तो कभी सुप्रीम कोर्ट की फटकार पड़ती रही उससे मोदी सरकार की छवि पर विपरीत असर पड़ा था। इसके अलावा कानून मंत्री के तौर पर रविशंकर प्रसाद के भी रिश्ते न्यायिक तंत्र के साथ सहज नहीं रहे थे और बड़ी संख्या में जजों की रिक्ति को भरने के लिए भी उनके नेतृत्व में कानून मंत्रालय पर्याप्त कदम नहीं उठा पाया था। अब जब कानून मंत्री पद से किरेन रिजिजू की छुट्टी हो गयी है तो विपक्ष भी उनके खिलाफ भड़ास निकाल रहा है। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने रिजिजू पर निशाना साधते हुए उन्हें नाकाम मंत्री करार दिया। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने रिजिजू को नाकाम मंत्री कहा तो वहीं राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने चुटकी लेते हुए कहा कि कानूनों के पीछे के विज्ञान को समझना आसान नहीं है। वहीं उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना की नेता और राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने रिजिजू को कानून मंत्री पद से हटाकर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में भेजे जाने के संभावित कारणों का जिक्र करते हुए कहा कि क्या महाराष्ट्र के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय का हालिया फैसला तो वजह नहीं था?

# शिक्षक के भीतर गुरूता अनिवार्य एवं विद्यार्थी जीवन में आध्यात्मिक चेतना की आवश्यकता : डॉ. कुमार विश्वास

## संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोइराजपुर में भव्य अलंकरण समारोह-2023 का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोइराजपुर, हरहुआ वाराणसी के इन्द्रधनुष सभागार में साहित्य अनुशासन और कला का अदभुत संगम, अलंकरण समारोह-2023 में दिखाई दिया` इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हिन्दी के प्रख्यात एवं लोकप्रिय कवि डॉ. कुमार विश्वास एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अमित कुमार सिंह एन.डी.आर.एफ.11 वीं बटालियन सेकेण्ड इन कमाण्ड की गरिमामयी उपस्थिति से लोगो के बीच एक अपूर्व ऊर्जा का संचार हुआ एवं सम्पूर्ण जनमानस का आहलादित मन झूम उठा` प्रेरणादायी गीतों एवं मनमोहक नृत्यों से सजे सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रमो के मध्य इन्वेस्टीचर सेरेमनी के अन्तर्गत विद्यार्थी परिषद का गठन हुआ और इन सभी विद्यार्थियों ने अपने कर्तव्य एवं पद हेतु शपथ ग्रहण की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के सी.बी.एस. ई.परीक्षा परिणामों में अव्वल रहें विद्यार्थियों को उनके अभिभावकां के साथ विषेश रूप से सम्मानित किया गया` ATOMS अतुलानंद टेस्ट ऑफ मेरिट फॉर स्कॉलरशिप के चयनित विद्यार्थियों को भी विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया`कक्षा-12 कला वर्ग में सर्वोच्च रही संजना यादव के साथ शैक्षणिक क्षेत्र में बेस्ट स्टूडेन्ट का पुरस्कार विज्ञान वर्ग के आयुष्मान सिंह को तथा ओवरऑल बेस्ट स्टूडेन्ट ऑफ द इयर का पुरस्कार कक्षा-12 कला वर्ग की सृष्टि सिंह के नाम रहा इस अलंकरण समारोह




का विशेष आकर्षण मुख्य अतिथि डॉ. कुमार विश्वास के साथ विद्यार्थियो का संवाद रहा जिसमें उन्होने काशी नगरी का महात्मय बताते हुए विद्यार्थियों के भीतर आध्यात्मिक चेतना विकसित करने का महत्व समझाया उन्होने यह संदेश दिया कि उनके द्वारा किये गये परिश्रम की सिद्धि आगामी वर्षों में उनके समक्ष प्रत्यक्ष होगी विद्यार्थी सबसे पहले श्रेष्ठ मनुष्य बनने का संकल्प करें तभी विश्व-गुरू बनने का हमारा सपना पूरा होगा विशिष्ट अतिथि ने उदबोधन में विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं कर्तव्य- निष्ठा के महत्व पर बल दिया` कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रतीक कुमार ए.सी.पी. कोतवाली ने भी विद्यार्थियों को कर्तव्य पथ पर बने रहने एवं देश सेवा में रत रहने का संकल्प दिलाया कार्यक्रम में संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह तथा पूर्व एम.एल.सी. चेतनारायण सिंह की उपस्थिति प्रेरणादायी रही` संस्था सचिव राहुल सिंह ने भावुक मन से मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा सभा में पधारें सभी अभ्यागतों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कृतज्ञता ज्ञापित की संस्था की निदेशिका डॉ.वन्दना सिंह ,सह-निदेशक आयुष्मान सिंह तथा प्रधानाचार्या डॉ. नीलम सिंह ने अलंकरण समारोह को विशेष सौभाग्य का अवसर बताते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उनके अभिभावकों को इस गौरवशाली क्षण का साक्षी बनने हेतु विशेष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र पाण्डेय एवं शेफाली श्रीवास्तव ने किया।

## एन्टी भू-माफिया व भू अर्जन /भू अध्यापित से सम्बन्धित समीक्षा बैठक की डीएम ने की अध्यक्षता

भदोही। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में एन्टी भू-माफिया व भू अर्जन /भू अध्यापित से सम्बन्धित समीक्षा बैठक कलेक्टेज्ट में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया कि उपर्युक्त विवादित भूमि सम्बन्धी सभी प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुए निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने एंटी भू माफिया राजस्व की समीक्षा करते राजस्व संहिता के अविवादित वरासत, अविवादित दाखिल खारिज, तालाब, आवासीय भूमि, कृषि भूमि, वृक्षारोपण आदि का आवंटन, चकमार्ग तथा सार्वजनिक उपयोग की भूमि व तालाब पोखरों आदि से हटाये गये अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे पर विस्तार से चर्चा किया। जिलाधिकारी ने आई0जी0 आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण, रिट याचिकायें, खतौनी अशं निर्धारण की कार्यवाही, स्वामित्व योजना, रोस्टर के अनुसार खतौनियों का दाखिला, एंटी भू माफिया जैसे कार्यों पर अब तक किये गये कार्यों की प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए। ए०बी० एम०पी० डी-2 पर दर्ज सूचना को अवैध कब्जे से अवमुक्त करायी गयी भूमि का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाना तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि खाली कराई गई भूमि पर किसी भू-माफिया का पुनः कब्जा न होने पाये एवं अवमुक्त करायी गयी भूमि का उपयोग किस रूप में कहां किया गया है/किया जा रहा है, का पूर्ण विवरण / डाटा अद्यतन कर संरक्षित किया जाय।

## अधिवक्ता के घर से टैक्टर व टेंपो की बैटरी चोरी

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के अहरौरा डीह निवासी अजय पांडेय एडवोकेट के घर के सामने खड़ी भूसा लदी ट्रेक्टर ,और टैम्पो की बैटरी चोरों नेआज रात को चोरी कर ले गए।सुबह जब टेम्पो को चालू करने गए तो स्टार्ट नही हुई तो बैटरी चोरी की जानकारी हुई।आस पास पता करने पर कही पता नही लगा तो चोरी की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।उन्होंने बताया की दो महीने में तीन चार चोरी हो चुकी है सूचना के बाद भी पुलिस के कान में जूं नहीं रेंग रहा है एक तरफ पुलिस अपने मुस्तैदी की बात करती है वही रातों रात चोर घटना को अंजाम देते रहते है ।चोरी घटनाओं से आम लोगो में तरह तरह की चचाएं आम है।

## जीवन में सफलता लक्ष्य व परिश्रम से : एसडीएम पिंडरा

प्रखर पिंडरा वाराणसी। एसडीएम अंशिका दीक्षित ने कहाकि लक्ष्य को निर्धारित कर उसके लिए तन्मयता से जुटना ही सफलता की प्रथम सीढ़ी है। लक्ष्य से कभी भटके नही, असफलता के बाद ही सफलता मिलती है। उक्त बातें शुक्रवार को खालिसपुर स्थित संत नारायण बाबा इंटर कालेज में मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देते हुए कही। उन्होंने कहाकि जीवन के सफलता की शुरूआत आपके लक्ष्य से ही शुरू होती है। आप जैसा लक्ष्य निर्धारित करेंगे वैसी ही सफलता मिलेगी। उन्होंने युवाओं को देश की सेवा करने के प्रति प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं दी। पिछले वर्ष जिले के टॉप टेन की सूची आने वाले छात्र अनुज मिश्रा के साथ एसडीएम ने इस वर्ष हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में 90 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले एक दर्जन छात्र छात्राओं को मेडल दिया।



जिसमें हाईस्कूल के प्रियांशु यादव, रिया पटेल, सफल वर्मा, शशि यादव, संजू यादव व श्वेता पाल वही इंटरमीडिएट में आकाश चौहान, अंकिता यादव व अनुश्रेया सिंह को मेडल दिया गया। इसके पूर्व छात्र छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर पहुँचने पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गुट व शिव तांडव की प्रस्तुति कर वाहवाही लूटी। समारोह की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष तहसील बार अध्यक्ष पंधारी यादव, विशिष्ट अतिथि बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबन्धक अम्बुज यादव , स्वागत प्रबन्धक श्रीप्रकाश मिश्रा व संचालन हेमन्त मिश्र तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य जियाराम पटेल ने दिया। इस दौरान एडवोकेट रविन्द्र चौबे, सतीश पांडेय, विघ्नेश्वरानंद उपाध्याय, पूर्व ग्राम प्रधान रामाश्रय मिश्र, मीना मिश्रा व लवली समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## उद्यमियों को हर सम्भव प्रशासनिक सहयोग, औद्योगिक विकास से क्षेत्र का विकास सम्भव : डीएम

प्रखर मीरजापुर। उद्यमियों के समस्याओ के निस्तारण के लिये हर सम्भव प्रशासनिक सहयोग प्रदान किया जायेगा, किसी भी क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिये औद्योगिक विकास से ही सम्भव हैं। उक्त वक्तव्य जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला उद्योग बन्धु की बैठक में उपस्थित उद्यमियों के द्वारा उठाये गये समस्याओ के निस्तारण का आश्वासन देते हुये व्यक्त की। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। बैठक के एजेण्डा बिन्दु पर चर्चा करते हुये उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार ने बताया कि नवीन औद्योगिक आस्थान के निर्माण के लिये विकास छानबे के अन्तर्गत विजयपुर में नौ हेक्टेयर जमीन चिहिन्त करते हुये चिहिन्त भूमि का निरीक्षणोपरान्त आख्या अग्रिम कार्यवाही हेतु क्षेत्रीय प्रबन्धक यू0पी0सी0डा0 को प्रेषित किया जा चुका हैं। बैठक में गोसाईपुर विन्ध्याचल मार्ग पर मे0 प्रभावती कैटिल फीड इंडस्ट्रीज गोसाईपुर विन्ध्याचल जर्जर सड़क के मरम्मत एवं अतिक्रमण हटवाने पर लोक निर्माण विभाग को समय से निस्तारित कर अवगत कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में मे0 शिवा ड्राईंग, ओ0डी0ओ0पी0, सी0एप0सी0 निर्माण, मे0



लक्ष्मी मेटल उद्योग पर विद्युत कनेक्शन, मे0 आरिका इण्टरप्राइजेज व विराट लैबिको के भुगतान दिलाने, औद्योगिक आस्थान पथरहिया में पोस्ट आफिस की स्थापना, साफ सफाई, औद्योगिक आस्थान रामनगर सिकरी में उठाये गये समस्याओं के निस्तारण, चुनार में औद्योगिक आस्थान के उद्यमियों के द्वारा जर्जर मार्ग के मरम्मत, मे0 शिवाला एग्रो इंडस्ट्रीज समस्या के समाधान आदि पर विस्तृत चर्चा की गयी जिसमें नव निर्मित औद्योगिक आस्थानों में विद्युतीकरण एवं जर्जर मार्गो की मरम्मत की समस्या उठायी गयी जिसके निस्तारण के लिये जिलाधिकारी के द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा गया कि उठाये गये सभी प्रकरणो की जांच कर अगले उद्योग बन्धु की बैठक तक निस्तारण कर सुनिश्चित करायें। बैठक में निवेश मित्र योजना, एकल मेज तथा उद्योग विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओ के प्रगति की समीक्षा भी की गयीं। उद्यमी व्यापारी सुरक्षा फोरम के तहत शासनादेश के अनुसार जनपद स्तर पर समिति गठित करने का निर्देश दिया गया।

तत्पश्चात जिला उद्योग प्रोत्साहन उद्यमिता विकास केन्द्र, इंवेस्टर्स डे की बैठक पर भी चर्चा की गयी। उपायुक्त उद्योग द्वारा बताया गया कि शासन स्तर से ग्लोबल इंवेस्टर्स समिटि के अन्तर्गत एम0ओ0यू0 प्रस्तावों को आगामी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में सम्मिलित किये जाने हेतु समीक्षा की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि प्रथम जी0बी0सी0 के लिये चयनित निवेशको से वार्ता कर उन्हे अपने लागिन से चाही जाने वाली फेशिलीटेशन का विवरण फीड कराना सुनिश्चित करायें। बैठक में निर्देशित किया गया उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 में प्राप्त प्रस्तावों के सापेक्ष प्रस्तावित माह सितम्बर 2023 में प्रथम ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में अधिक से अधिक निवेशको/ईकाईयों को सहयोग करते हुये जी0बी0सी0 में प्रतिभाग कराया जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, परियोजना प्रबन्धक डी0आर0डी0ए0 अनय मिश्रा, जिला उद्यान अधिकारी मेवा राम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर अंगद गुप्ता के अलावा उद्यमी अनिल कुमार सिंह, मोहनदास अग्रवाल, मुकेश साहू, अमरनाथ पाण्डेय, राकेश बर्नवाल सहित जनपद के अन्य उद्यमी उपस्थित रहें।

## पांच दिवसीय क्षेत्रीय टूर्नामेंट मैच हुआ सम्पन्न



प्रखर मिजार्पुर। स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम सभा मठना में आर्यावर्त यादव स्पोर्टिंग क्लब के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय टुनामेंट मैच का आयोजन किया गया जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार गुप्ता नि०प्रत्याशी सदस्य जिला पंचायत जमालपुर व विशिष्ट अतिथि गंगाराम पटेल प्रधान प्रतिनिधि सहित काशीनाथ यादव मास्टर लोकनाथ पटेल रमेश सिंह मंचासीन रहे! टुनामेंट मैच में कुल 22 टिम ने भाग लिया जिसमें आर्यावर्त स्पोर्टिंग क्लब के खिलाडियों ने 138 रन बनाकर प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया! वही पर सुर्या स्पोर्टिंग क्लब के खिलाड़ियों ने 121रन बनाकर दुसरा स्थान हासिल किया! मैन ऑफ सिरिज के हकदार आकाश यादव रहे जिनको कमेटी द्वारा बैट एवं गेंद पुरस्कार के रूप में दिया गया व प्रथम पक्ष द्वितीय पक्ष के खिलाड़ी को सिल्ड / मेडल नगदी रुपये से पुरस्कृत किया गया ! जनता जर्नादन ने मैच का भरपूर आनंद लिया! आयोजन का अध्यक्षता सुजीत यादव (फौजी) किये! संचालन पिंटू यादव ने किया! टास्क बोर्ड की भुमिका में अरविंद यादव रहे! व्यवस्थापक संतोष यादव थे मैच देखने वालों के प्रमुख दर्शकों में अजय गोड़, मंतोष यादव, मिठाई यादव, साजन, सैफ, शशांक, अकिंत, राजन, अनिल, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

## भारत की कम्पलीट हेल्थ ड्रिंक डाबर वीटा ने बच्चों के स्वास्थ्य पर आयोजित किया विशेष सैशन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। हमारी आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के प्रयास में डाबर की ओर से कम्पलीट हेल्थ ड्रिंक डाबर वीटा ने एक विशाल जागरुकता अभियान का आयोजन किया` जिसके माध्यम से बच्चों को उनकी सेहत से जुड़े सात पहलुओं जैसे अच्छा डाइजेशन, रेस्पीरेटरी हेल्थ,मजबूत हड्डियों एवं मांसपेशियों, ताकत, स्टैमिना और बेहतर इम्युनिटी के बारे में जागरुक बनाया गया यह अभियान 19 मई शुक्रवार को परमानन्दपुर स्थित विकास इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ जिसमें 150 बच्चों ने हिस्सा लिया बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्टेमिना और मजबूत इम्युनिटी के साथ-साथ बेसिक हाइजीन एवं सेहतमंद आहार के बारे में जानकारी दी गई साथ ही उन्हें डाबर वीटा से युक्त स्पेशल हेल्थ किट भी दी गई` इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए दिनेश कुमार मैनेजर कॉरपोरेट



कम्युनिकेशंस, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा आजकल बच्चे पढ़ाई से लेकर खेलों और एक्स्ट्रा-करीकुलर एक्टीविटीज में भी अच्छा परफोर्मेन्स देना चाहते हैं इसके लिए उन्हें संतुलित एवं पोषक आहार की जरूरत है ताकि उनका विकास ठीक से हो सके एक कम्पलीट हेल्थ ड्रिंक में सभी जरूरत विटामिन,मिनरल्स और पोषक तत्व होते हैं जो आमतौर पर हमारे रोजमर्रा के आहार से पूरे नहीं हो पाते` डाबर वीटा ऐसी हेल्थ ड्रिंक है जो बढ़ते बच्चों को सभी जरूरी पोषक तत्व उपलब्ध कराती है डाबर के 138 सालों के भरोसे, गुणवत्ता और अनुभव पर आधारित डाबर वीटा 30 आयुर्वेदिक बूस्टर्स के गुणों से भरपूर है इसमें मौजूद अश्वगंधा, गिलोय, ब्राह्मी और शंखपुष्पी बच्चों की सेहत से जुड़ी सात जरूरतों को पूरा करते हैं जैसे शरीर का विकास, दिमाग का विकास, स्टेमिना और ताकत, मजबूत हड्डियां एवं मांसपेशियां तथा अच्छा डाइजेशन एवं रेस्पीरेटरी हेल्थ इस तरह यह ड्रिंक बच्चों को स्वस्थ बनाने में मदद करती है साथ ही इसका स्वादिष्ट चॉकलेटी टेस्ट बच्चों को खूब लुभाता है` डॉ अमित गुप्ता बी.ए.एम.एस.ने कहा संतुलित आहार जैसे फलों, सब्जियों, साबुत अनाज के साथ-साथ अच्छी हेल्थ ड्रिंक बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बच्चों को खास मैक्रो, माइक्रो एवं फाइटो पौधों से मिलने वाले विशे पोषक तत्व न्यूट्रिएन्ट्स की जरूरत होती है` आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर ऐसे ही पोषक तत्व डाबर वीटा को कम्पलीट हेल्थ ड्रिंक बनाते हैं जैसे आंवला और अश्वगंधा इम्युनिटी बढ़ाकर कई बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं ब्राह्मी और शंखपुष्पी बच्चों की एकाग्रता एवं लर्निंग की क्षमता बढ़ाते हैं इसी तरह द्रक्षा एंटी- ऑक्सीडेन्ट की तरह काम करता है और रोजमर्रा में शरीर की कोशिकाओं को नुकसान से बचाता है` विकास इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ ए.के.सिंह ने बच्चो को उत्साह वर्धन किया बच्चों के विकास के लिए संतुलित एवं पोषक आहार के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए डाबर वीटा ने देश भर की जानी-मानी स्पोर्ट्स एकेडमियों ,विद्यालय के साथ हाथ मिलाया है` इस अभियान के माध्यम से हम बच्चों को सेहतमंद आहार के बारे में शिक्षित करना चाहते हैं जो उनके शरीर एवं दिमाग के विकास तथा हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए जरूरी हैं इसके अलावा स्टेमिना और अच्छी इम्युनिटी होना भी बच्चों के विकास के लिए बहुत अधिक मायने रखता है श्री कुमार ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा।

## संक्षिप्त खबरें

### किशोर न्याय अधिनियम (बच्चों की देखरेख एवं सरंक्षण) हेतु मीटिंग का आयोजन व परिचर्चा



प्रखर कुशीनगर। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह द्वारा आज पुलिस लाइन्स के सभागार में किशोर न्याय अधिनियम (बच्चों की देखरेख एवं सरंक्षण) हेतु बाल संरक्षण अधिकारी, न्याय बोर्ड के अधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्य, यूनीसेफ के जिला समन्वयक, प्रत्येक थाने में नियुक्त विशेष किशोर पुलिस इकाई के अधिकारीगणों के साथ मीटिंग की गयी। इस दौरान मुख्य रूप से जिला स्तर पर सम्बन्धित विभाग/संस्थाओं से समन्वय बेहतर हो, पर भी बल दिया गया, तथा मुख्य रूप से निम्न बातों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गयाः-

1- बाल कल्याण अधिकारीयों की भूमिका,

2- देखभाल एवं सरंक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों हेतु बाल कल्याण अधिकारी से अपेक्षित व्यवहार,

3- किशोर बच्चों के देखभाल एवं सरक्षण हेतु अपेक्षित व्यवहार,

4- किशोर न्याय(बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण) 2000 तथा संशोधित 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के सन्दर्भ में बाल संरक्षण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश,

5- सामान्य कार्य, जिम्मेदारी व अपेक्षित व्यवहार,

इसके अतिरिक्त विशेष किशोर पुलिस इकाई के बारे में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### निरंकारी भवन में प्रवचन कल

प्रखर पिंडरा वाराणसी। संत निरंकारी मिशन के केंद्रीय प्रचारक एवं ज्ञान प्रचारक पूज्य महात्मा महेश चंद्र 21 मई रविवार को बाबतपुर स्थित निरंकारी भवन में भक्तों को सम्बोधित करेंगे। उक्त जानकरी देते हुए मुखी जितेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्रीय प्रचारक सुबह साढ़े 9 बजे से भक्तों को सम्बोधित करेंगे।अंत मे महाप्रसाद का वितरण होगा।

### अवैध कट्टा कारतूस के साथ एक चोर गिरफ्तार, भेजा गया जेल




प्रखर गंभीरपुर आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा चलाए जा रहे अभियान वांछित वारंटी की गिरफ्तारी तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के तहत थानाध्यक्ष विजय प्रकाश मौर्य के नेतृत्व मे उ.नि. अरूण कुमार तिवारी मय हमराह के शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे क्षेत्र मे मौजूद थे उसी समय मुखविर से सूचना मिली की एक चोर नाजायज असलहा लिये रानीपुर रजमो हाइवे पुलिया के नीचे खड़ा है यदि जल्दी किया जाय तो पकडा जा सकता है मुखविर की सूचना पर तत्काल मय हमराह के रानीपुर रजमो पुलिया हाइवे के नजदीक पहुचे कि पुलिस वालो को देखकर रानीपुर रजमो पुलिया हाईवे के नीचे खड़ा एक व्यक्ति तेज कदमो से भागने लगा जिसको पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पकडे गए व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम सोनू पुत्र रामचरन निवासी ठोठिया थाना मेहनगर आजमगढ़ उम्र करीब 22 वर्ष बताया तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा वह 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार अमित को आवश्यक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

### सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने वरुणापुरम सिंचाई विभाग का किया औचक निरीक्षण



प्रखर वाराणसी। सिगरा के वरुणापुरम सिंचाई कॉलोनी में सिंचाई विभाग के कार्यालयों का औचक निरीक्षण करने कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पहुंचे। अचानक पहुंचने से सिंचाई विभाग में खलबली मच गई। विभिन्न विभागों का निरीक्षण करते हुए कई दिशा निर्देश भी दिए। बता दें कि शुक्रवार की दोपहर सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंचाई कॉलोनी पहुंचकर अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए कई विभागो का निरीक्षण भी किया। बता दे कि मुख्य अभियंता सोन के कार्यालय सहित नलकूप विभाग के कार्यालय का गहनता से निरीक्षण किया। साथ ही विभिन्न दस्तावेजों की जांच पड़ताल भी की। सिंचाई विभाग के कार्यालयो के साफ-सफाई का निरीक्षण कर दिशानिर्देश भी दिए।

### अपर जिला सहकारी अधिकारी ने किया सहकारी समिति में शिकायत की जांच

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। अहरौरा सहकारी समिति के खाता संचालन को लेकर किए गए शिकायत की जांच गुरुवार को जांच अधिकारी अपर जिला सहकारी अधिकारी कृष्ण मुरारी त्रिपाठी ने किया और शिकायतकर्ता डायरेक्टरों के बयान दर्ज किए । जांच अधिकारी कृष्ण मुरारी त्रिपाठी ने बताया कि सहकारी समिति अहरौरा के नवनिर्वाचित डायरेक्टर रामराज, सुमित्रा देवी ,शिवबली पटेल,कौशल सिंह डा जयशंकर ने शपथ पूर्वक शिकायत किया है कि सहकारी समिति में चयनित नौ डायरेक्टरों में हम पांच डायरेक्टर एक साथ हैं लेकिन समिति के अध्यक्ष जैसराम सिंह गुमराह कर-के तथ्यों को छिपाकर शिवबली का हस्ताक्षर बैठक की कार्यवाही रजिस्टर करा लिया और खाता संचालन का अधिकार प्राप्त कर लिया है जो कि गलत है ।शिवबली सिंह का कहना है कि तथ्यों को छिपाकर उनसे रजिस्टर पर हस्ताक्षर करा लिया गया है जबकि हम खाता संचालन के विरोध में है । डायरेक्टरों का कहना है कि सहकारी समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जैसराम सिंह आजीवन सजायाफ्ता इसलिए इनको चुनाव लड़ने का अधिकार ही नहीं है ।जांच अधिकारी ने बताया कि सभी डायरेक्टर का बयान दर्ज किया गया है उचित कार्यवाही की जाएगी ।सजायाफ्ता को चुनाव लड़ने का अधिकार है कि नहीं है इसका कोई स्पष्ट आदेश मेरे पास नहीं है इस संबंध में सहकारी समिति कि नियमावली का अध्ययन करने के बाद ही कुछ स्पष्ट बता पाऊंगा।

# संदूषित भोजन
## है कई बीमारियों की जड़




जोहान्सबर्ग (द कन्वरसेशन)। खाद्य संकट और खाद्य सुरक्षा को लेकर किए जा रहे तमाम दावों के बीच असुरक्षित खाद्य पदार्थ का मुद्दा लगभग अनछुआ रह जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि खराब स्वास्थ्य का एक बड़ा कारण असुरक्षित खाद्य पदार्थ है जो विकास और वृद्धि को बाधित करता है, शरीर में जरूरी सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी उत्पन्न करता है, गैर संचारी और संक्रामक बीमारियों की वजह बनता है तथा मानसिक रोग भी पैदा करता है। वैश्विक स्तर पर, हर साल प्रति दस में से एक व्यक्ति खाद्य जनित रोगों से प्रभावित होता है। 'अफ्रीकन पॉपुलेशन एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर' की पोषण अनुसंधानकर्ता अंतोनिना मुतोरो बताती हैं कि खाद्य संदूषण के क्या कारण हैं और हम बीमारी के जोखिम को कैसे कम कर सकते हैं। सुरक्षित और पौष्टिक भोजन एक बुनियादी मानव अधिकार है लेकिन कई लोग इससे वंचित रह जाते हैं। इसका एक कारण खाद्य संदूषण है। इसे भोजन में उन हानिकारक रसायनों और सूक्ष्मजीवों की उपस्थिति के तौर पर परिभाषित किया जाता है जो बीमारी का कारण बन सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि वैश्विक स्तर पर हर दस में से एक व्यक्ति खाद्य संदूषण से प्रभावित होता है और यह समस्या सालाना लगभग 4,20,000 लोगों की मौत का कारण बनती है।

- **जैविक और रासायनिक पदार्थ आम खाद्य संदूषक हैं। वे टाइफाइड, हैजा और लिस्टेरियोसिस सहित 200 से अधिक खाद्य जनित बीमारियां पैदा कर सकते हैं**
- **हाथ धोने, साफ-सफाई, खाद्य सामग्री का समुचित प्रबंधन, साफ बर्तन एवं कपड़े आदि वह कारक हैं जिनका ध्यान रख कर भोजन संदूषण की समस्या से बचाव किया जा सकता है**

### ताजा खाना भी दे सकता है बीमारियां

ध्यान रहे कि ताजा खाना भी कई बीमारियों को जन्म दे सकता है। उदाहरण के लिए, केन्या में मांस, फलों और सब्जियों का मानव अपशिष्ट से संदूषण आम है। इसका कारण खाने को धोने के लिए दूषित पानी का इस्तेमाल है। संदूषकों की वाहक मक्खियां मल और बैक्टीरिया को पौधों की पत्तियों या फलों पर स्थानांतरित कर सकती हैं। स्ट्रीट फूड खाद्य संदूषण का एक अन्य आम स्रोत हैं। इन खाद्य पदार्थों का कम और मध्यम आय वाले देशों में चलन अधिक है क्योंकि ये सस्ते और आसानी से उपलब्ध होते हैं।

### टाइफाइड, हैजा और लिस्टेरियोसिस सहित 200 से अधिक खाद्य जनित बीमारियां



जैविक और रासायनिक पदार्थ आम खाद्य संदूषक हैं। वे टाइफाइड, हैजा और लिस्टेरियोसिस सहित 200 से अधिक खाद्य जनित बीमारियां पैदा कर सकते हैं। दस्त, उल्टी और पेट दर्द भोजन से होने बीमारियां हैं। वैसे खाद्य जनित बीमारियों से स्वास्थ्य विकार हो सकता है, शरीर के महत्वपूर्ण अंग काम करना बंद कर सकते हैं और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। इसलिए खाने पीने के बाद लगातार दस्त और उल्टी हो तो तत्काल डॉक्टर के पास जाना चाहिए।

पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को खाद्य जनित बीमारियां होने का खतरा अधिक होता है। बचपन वह दौर होता है जब बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली विकसित होती है और वह वयस्क की तरह संक्रमण का प्रभावी मुकाबला नहीं कर पाती। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में बच्चों में कुपोषण की समस्या या साफ सफाई के अभाव की वजह से संक्रमण होने के कारण प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर हो जाता है। ऐसे देशों में स्वच्छ जल और शौचालय की अनुपलब्धता संक्रमण का कारण बन जाती है। बीमारी के दौरान भूख कम लगने से भी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है। दस्त और उल्टी के दौरान शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है जिससे संक्रमण और कुपोषण चक्र शुरू हो जाता है और कई बार तो मृत्यु भी हो जाती है। बीमार व्यक्ति, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्ग लोगों को खाद्य जनित बीमारियों से बचाने पर खास ध्यान देना चाहिए क्योंकि उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है।

### खाद्य संदूषण के कारण

भोजन में बाहरी वस्तुएं जैसे धातु, कांच, तार और पत्थरों के टुकड़े चोट का कारण बन सकते हैं, दांतों को नुकसान पहुंचा सकते हैं या रोग पैदा करने वाले सूक्ष्मजीवों को भोजन में पहुंचाने का कारण बन सकते हैं। बाल भी एक प्रदूषक है जो आंतों को नुकसान पहुंचा सकता है। भोजन में सूक्ष्मजीव (बैक्टीरिया, वायरस और प्रोटोजोआ), कीट (घुन, तिलचट्टे और चूहे) या परजीवी (कृमि) बीमारी का कारण बन सकते हैं। बर्तन ठीक से साफ न होने पर उसमें रह गए साबुन के अवशेष, अन्न में रह गए कीटनाशक के अवशेष आदि और सूक्ष्मजीवों द्वारा उत्पादित विषाक्त पदार्थ जैसे एफ्लाटॉक्सिन विषाक्तता का कारण बन सकते हैं। हालांकि खाद्य संदूषण का सबसे आम कारण अपने हाथों की समय पर और सही तरीके से सफाई नहीं करना है। खाने से पहले और खाना बनाने से पहले, शौचालय का उपयोग करने के बाद, या अपनी नाक साफ करने, खांसने या छींकने के बाद, आंखों को छूने के बाद हाथ धोना जरूरी है।



# शेख हसन का शीर्षतम शिखर को फतह करने का जुनून

नई दिल्ली(भाषा)। केरल के 36 वर्षीय शेख हसन कुछ साल पहले तक पासपोर्ट रखने या विदेशी सरजमीं की यात्रा करने के बारे में सोचते भी नहीं थे। लेकिन पिछले साल ही उन्होंने माउंट एवरेस्ट फतह की और 2021 में उन्होंने खान ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद वह अपने परिवार को राजी कर पाए। उसके बाद, उन्होंने अल्पकालिक पर्वतारोहण पाठ्यक्रम में दाखिला लिया तथा अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो की चढ़ाई का सपना साकार हुआ।



नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के साथ पर्वतारोही शेख हसन

किलिमंजारो की चढ़ाई की। अब वह दुनियाभर की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ने के मिशन पर हैं और इसी माह उत्तरी अमेरिकी के शीर्षतम शिखर डेनाली को फतह करने वाले हैं। खान ने एक साक्षात्कार में कहा, मेरा लक्ष्य भारत को गौरवान्वित करना, ऊंची चोटियों पर भारतीय ध्वज लहराना, एकता का संदेश फैलाना एवं लोगों को जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक बनाना है।

केरल में पंडालम के निवासी खान राज्य सरकार के एक कर्मी हैं और उन्हें जब कभी विभिन्न संगठनों/संस्थाओं द्वारा बुलाया जाता है तो वह पर्वतारोहण पर भाषण देते हैं। खान 2017-18 में पर्वतारोहण के प्रति आकर्षित हुए और तब परिवार और उनके करीबियों को यकीन नहीं था कि वह सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ने के अजीब सपने को पूरा करने के पीछे पड़ सकते हैं।

उनके सपनों की राह में वित्तीय बाधाएं भी आने लगीं लेकिन वे उन्हें माउंट एवरेस्ट को फतह करने से नहीं रोक सकीं। खान ने कहा कि कर्ज लेकर, दोस्तों से उधार लेकर, सोना बंधक रखकर उन्होंने माउंट एवरेस्ट अभियान के लिए पैसे जुटाए। उन्होंने कहा कि पिछले साल दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई के दौरान मौत अपने करीब दिखाई दी क्योंकि मेरी ऑक्सीजन (सिलेंडर) खत्म हो गया और मेरा शरीर जमने लगा था, करीब 20 मिनट तक संघर्ष के बाद मुझे नया ऑक्सीजन सिलेंडर मिल गया। खान राष्ट्रीय राजधानी से डेनाली के लिए रवाना हुए हैं और उनकी चिंता इस पर्वतारोहण को लेकर नहीं बल्कि भावी पर्वतरोहण के वास्ते धन के इंतजाम को लेकर है। डेनाली से लौटन के बाद वह रूस और जापान की शीर्षतम चोटियों को फतह करेंगे।

# ऋचा चड्ढा की इंटरनेशनल डेब्यू आइना हुई लॉन्च

मुंबई (आईएएनएस)। एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा की इंडो-ब्रिटिश प्रोडक्शन आइना के साथ इंटरनेशनल डेब्यू का लंदन में हाउस ऑफ लॉर्ड्स में ऑफिशियल लॉन्च हुआ। ऋचा ब्रिटिश एक्टर विलियम मोस्ले के साथ लीड रोल में हैं। आइना को फिल्म के निमार्ताओं द्वारा प्रतिष्ठित हाउस ऑफ लॉर्ड्स में आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया। जहां सांसद आर. टी. होन स्टुअर्ट एंड्रयू ने फिल्म के मुख्य कलाकारों, निर्देशक और निर्माताओं के साथ फिल्म की घोषणा की। वह सांसद होने के साथ साथ संस्कृति, मीडिया और खेल विभाग में भी अहम पद रखते हैं।




आइना मार्कस मीड्ट द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म बड़े पैमाने पर मानव और समाज पर युद्ध के कारण होने वाली हिंसा के प्रभाव के बारे में एक सामाजिक ड्रामा है। ऋचा ने कहा, मैं दुनिया के एक नए हिस्से में काम करने के लिए उत्साहित हूं, मुझे प्रयोग करना पसंद है। उन्होंने भारत और यूके की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का एक प्रभावशाली दल तैयार किया है। इस तरह के एक महत्वपूर्ण विषय से संबंधित फिल्म बनाने के लिए यह वास्तव में एक सहयोगी प्रयास होने जा रहा है। फिलहाल हम लंदन में फिल्म की तैयारी कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग 2 जून से शुरू होने की उम्मीद है।

मैंने हमेशा एक चुनौतीपूर्ण भूमिका के लिए प्रयास किया है और यह निश्चित रूप से मेरे द्वारा लिए गए सबसे कठिन रोल में से एक है। चड्ढा के साथ विलियम मोस्ले स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे, जो फिल्म द क्रॉनिकल्स ऑफ नार्निया में एक बाल कलाकार के रूप में काफी प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके हैं। मोसले ने एक अभिनेता के रूप में अपनी असाधारण और बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए भारतीय फिल्म मार्गरिटा विद ए स्ट्रॉ में भी प्रभावशाली भूमिका निभाई।

# उपवास रखने वालों के लिए केवीटी फूड कोर्ट परोसेगा भोजन

वाराणसी (आईएएनएस)। काशी विश्वनाथ धाम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को फूड कोर्ट की सुविधा का आनंद मिलेगा, जहां विशेष रूप से उपवास के दौरान खाया जाने वाला भोजन उपलब्ध होगा। शिवरात्रि, सावन और अन्य धार्मिक त्योहारों के दौरान व्रत रखने वाले भक्त यहां व्रत की थाली का स्वाद ले सकते हैं। प्रबंधन द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बाबा काशी विश्वनाथ के कई भक्त शिवरात्रि और सावन के महीने में उपवास रखते हैं। उनकी सुविधा के लिए मंदिर परिसर में फूड कोर्ट खोला गया है। सावन और शिवरात्रि के दौरान यहां व्रत के लिए विशेष भोजन परोसा जाता है। अन्य दिनों में भी व्रत रखने वाला कोई भी व्यक्ति यहां मनपसंद भोजन कर सकता है। उनकी मांग के अनुसार भोजन कराया जाएगा।



# द केरला स्टोरी के निर्माता ने दान किए 51 लाख रुपए

मुंबई (आईएएनएस)। ब्रिटेन में द केरला स्टोरी की रिलीज के बाद फिल्म की टीम ने फिल्म की सफलता का जश्न मनाने के लिए मीडिया को संबोधित किया। इसके निर्माताओं के अनुसार, फिल्म आज भारत में 190 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर सकती है। द केरला स्टोरी को कुछ राजनीतिक दलों और समूहों का विरोध भी करना पड़ रहा है, जिन्होंने दावा किया है कि फिल्म तथ्यों पर आधारित नहीं है और मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाती है। पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में द केरल स्टोरी पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है और तमिलनाडु में प्रदर्शकों ने इसे सिनेमाघरों से वापस ले लिया है, लेकिन फिल्म अभी भी व्यावसायिक रूप से सफल रही है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में, फिल्म निर्माता, विपुल अमृतलाल शाह ने दावा किया कि सच्चाई को उजागर करना सर्वोपरि था। लोग यह दावा करने की कोशिश कर रहे हैं कि यह फिल्म नकली है, निर्माता झूठ बोल रहे हैं और फिल्म गंदी है, जो ऐसा नहीं है। शाह ने कहा कि फिल्म सिर्फ तीन लड़कियों की कहानी से बनी है। शाह ने इस अवसर आर्ष विद्या समाज आश्रम को 51 लाख रुपए का दान करने की घोषणा की, जो धर्म परिवर्तन से बचे लोगों की देखभाल करता है।



# सत्यप्रेम की कथा का टीजर जारी

मुंबई(आईएएनएस)। अपकमिंग फिल्म सत्यप्रेम की कथा का टीजर बृहस्पतिवार को जारी किया गया, जिसमें कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी लीड रोल में हैं। टीजर की शुरूआत कश्मीर की खूबसूरत वादियो से होता है। इसके बाद कार्तिक की आवाज कहानी को आगे ले जाती है। कार्तिक बैकड्रॉप से कहानी के किरदारों में छिपे प्यार को समझाने की कोशिश कर रहे हैं। पहले कुछ सीन में कार्तिक और कियारा को एक-दूसरे के प्यार में खोए हुए दिखाया जाता है, वहीं बाद में दोनों के बीच कुछ ऐसे पल आते हैं जब वे बिछड़ जाते हैं।फिल्म का निर्देशन समीर विदवान्स ने किया है, जिन्होंने इससे पहले पश्चिमी चिकित्सा की पहली भारतीय महिला डॉक्टर के जीवन पर आधारित 2019 की बायोग्राफिकल ड्रामा आनंदी गोपाल का निर्देशन किया था। फिल्म 2022 की ब्लॉकबस्टर भूल भुलैया 2 के बाद कार्तिक और कियारा एक बार फिर साथ आ रहे है। इसमें सुप्रिया पाठक कपूर, गजराज राव, सिद्धार्थ रंधेरिया, अनुराधा पटेल, राजपाल यादव, निर्मित सावंत और शिखा तलसानिया भी हैं।

# गाना पलकन के छांव में रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार एवं सांसद दिनेशलाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे स्टारर फिल्म माई प्राउड ऑफ भोजपुरी का गाना पलकन के छांव में रिलीज हो गया है। 'माई प्राइड ऑफ भोजपुरी' से नया गाना 'पलकन के छांव में' रिलीज किया गया है। इस गाने को निरहुआ और अम्रपाली दुबे के ऊपर फिल्माया गया है। गाने को प्रियंका सिंह और रोहित ने मिलकर गाया है। गाने को वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है।



गाने में निरहुआ और आम्रपाली दोनों सड़कों पर घूम रहे हैं जहां निरहुआ लोगों के सामने हाथ फैला रहे है, तो वही अम्रपाली उनकी जहां खुद भीख मांगती हुई नजर आ रही है। जिसमें अम्रपाली कहती है कि तोहरा के राखब पलकन के छांव में, जोड़ लेले बानी तोहर नाव अपना नाव में, धूप चाहे छांव होई दिन चाहे रात होई, छुटी न हो साथ सइयां हथवा में हाथ होई। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स प्रस्तुत 'पलकन के छांव में' गाने के लेखक प्यारेलाल यादव है।

# कांस फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेंगी सपना चौधरी

मुंबई (वार्ता)। हरियाणा की मशहूर डांसर सपना चौधरी अंतरराष्ट्रीय कांस फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करेंगी। सपना चौधरी पहली ऐसी हरियाणवी कलाकार है, जो कांस फेस्टिवल में हिस्सा ले रही है। सपना चौधरी ने कहा कि कांस फेस्टिवल में डेब्यू करने के लिए न्योता मिलना बेहद गौरव की बात है, जिससे वह काफी उत्साहित भी है। मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं सभी को गौरवान्वित करूंगी। सपना चौधरी ने कहा कि कांस फिल्म फेस्टिवल को लेकर उन्होंने कोई विशेष तैयारी तो नहीं की है, लेकिन इसको लेकर वह काफी उत्साहित है।





# राधिका मदान
## की फिल्म कच्चे लिंबू का प्रीमियर

मुंबई (वार्ता)। राधिका मदान, रजत बरमेचा और आयुष मेहरा अभिनीत फिल्म कच्चे लिंबू का 19 मई को जियो सिनेमा पर डिजिटल प्रीमियर होगा। फिल्म कच्चे लिंबू का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया था। पारिवारिक अपेक्षाओं के बीच अपने जुनून को आगे बढ़ाने की चुनौतियों की खोज करती हुई, तथा भाई-बहन के अटूट बंधन का जश्न मनाती हुए जीवन की कहानी फिल्म कच्चे लिंबू है। इस फिल्म में राधिका मदान अपने भाई की टीमों के खिलाफ गली क्रिकेट खेलते हुए दिखेगी।

निर्देशक शुभम योगी ने बताया राधिका अपने बड़े भाई के साथ अंडरआर्म खेलकर बड़ी हुई है और वह जो भी क्रिकेट के बारे में जानती है उसे हमे दिखाने के लिए बहुत उत्साहित थी। इससे भी ज्यादा वह गेंदबाजी में नए नए आविष्कार कर अपने केरेक्टर के लिए एक पहचान देने के लिए उत्सुक थी। हमारा शोध मुंबई के उपनगरों में अंडरआर्म टूर्नामेंट में भाग लेने से लेकर एक साथ क्रिकेट हाइलाइट्स देखने तक फैला हुआ था। और इस पूरी तैयारी में, हमने राधिका के एक्शन को एक समामेलन के रूप में कोरियोग्राफ किया जोकि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज - जसप्रीत बुमराह से प्रेरित था और स्वाभाविक रूप उसमे दिखा।

## खबर संक्षेप

### आईटीसी का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ 22.66 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। विविध क्षेत्रों में काम करने वाली आईटीसी लिमिटेड का 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 22.66 प्रतिशत बढ़कर 5,225.02 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। आईटीसी लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी।

### इंडिगो का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ 919.2 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडियो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन का 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 919.2 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी को इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,681.8 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। उसने 2,654 करोड़ रुपये का लाभ कमाया है।

### द्वारका एक्सप्रेसवे अगले चार माह में होगा तैयार



नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि द्वारका एक्सप्रेस का काम अगले तीन से चार महीनों में पूरा हो जाएगा। देश के इस पहले 'एलिवेटेड अर्बन एक्सप्रेसवे' से दिल्ली-गुरुग्राम के बीच यातायात दबाव कम होगा। एक्सप्रेसवे का काम चार 'पैकेज' में पूरा होगा।

### स्विगी का खाने की ऑनलाइन डिलिवरी कारोबार मुनाफे में



नई दिल्ली। खाने-पीने के सामान की ऑनलाइन डिलिवरी करने वाले मंच स्विगी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक श्रीहर्ष मजेटी ने कहा है कि कंपनी अब मुनाफे की स्थिति में पहुंच गई है। श्रीहर्ष ने कहा कि अपनी श्रेणी में स्विगी नौ वर्ष से भी कम समय में मुनाफे की स्थिति में पहुंचने वाली कुछ वैश्विक कंपनियों में शामिल हो गई है।

### अमेजन वेब सर्विसेज भारत में 12.7 अरब डॉलर करेगी निवेश

मुंबई। अमेजन वेब सर्विसेज भारत में क्लाउड संबंधित बुनियादी ढांचा में 2030 तक 1,05,600 करोड़ रुपये (12.7 अरब डॉलर) निवेश करेगी। कंपनी क्लाउड सेवाओं में ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिये यह निवेश कर रही है। डेटा सेंटर बुनियादी ढांचा में निवेश से भारतीय कारोबार में सालाना औसतन 1,31,700 पूर्णकालिक नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है।

### सोना 480 रुपए टूटा, चांदी में 530 रुपए की गिरावट



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 480 रुपये की गिरावट के साथ 60,070 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 530 रुपये घटकर 72,750 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। कीमत 480 रुपये की गिरावट के साथ 60,070 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।'

# अरबपतियों की सूची से अंबानी बाहर, बर्नाल्ड अरनॉल्ट शीर्ष पर बने हुए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में नंबर एक स्थान से लेकर टॉप 10 तक कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। कई धनकुबेरों के स्थान में बदलाव हो चुका है। दुनिया के सबसे अमीर शख्स बर्नार्ड अरनॉल्ट हैं और इनकी टक्कर एलन मस्क के साथ देखने को मिली है, जो दूसरे स्थान पर लंबे समय से बने हुए हैं।

- शीर्ष पर अरनॉल्ट कायम, मस्क दूसरे स्थान पर बने हुए

इधर, एलन मस्क के बेहद करीब जेफ बेजोस और बिल गेट्स हैं। ये दोनों तीसरे और चौथे स्थान पर काबिज हैं। वहीं काफी समय से टॉप 10 से मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी बाहर चल रहे हैं। फरवरी में मुकेश अंबानी इस लिस्ट में 8वें स्थान थे और अब खिसकर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इन दोनों की दौलत में भी इस साल काफी गिरावट देखने को मिली है।

## टॉप दस से अंबानी बाहर चले गए, फरवरी में 8वें स्थान पर थे काबिज

### मस्क की संपत्ति तेजी से घटी

ट्विटर को खरीदने के बाद एलन मस्क की संपत्ति बहुत तेजी से घटी थी, जिस कारण उनका नंबर वन का ताज छिन गया था। अब नंबर वन स्थान पर फ्रांस के उद्योगपति बर्नार्ड अरनॉल्ट हैं। इनकी नेटवर्थ 202 अरब डॉलर है और एलन मस्क की संपत्ति 172 अरब डॉलर है।



### कौन कौन टॉप 10 अमीर व्यक्ति

बर्नार्ड अरनॉल्ट के बाद एलन मस्क, जेफ बेजोस- 139 अरब डॉलर, बिल गेट्स- 125 अरब डॉलर, वारेन बफेट- 115 अरब डॉलर, लैरी एलिशन- 112 अरब डॉलर, लैरी पेज- 110 अरब डॉलर, स्टीव बाल्मर- 109 अरब डॉलर, सर्गी ब्रिन- 104 नौवें नंबर पर और दसवें स्थान पर कार्लोस स्लिम- 93.7 अरब डॉलर हैं।

### अंबानी और अदाणी को कितना नुकसान

रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी की संपत्ति में इस साल बड़ा नुकसान देखने को मिला है। जनवरी से लेकर अभी तक मुकेश अंबानी ने 3.10 अरब डॉलर की दौलत गंवाई है। सिर्फ 24 घंटे में इन्हें 68.9 करोड़ डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है। दूसरी ओर गौतम अदाणी को इस साल सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। भारत के दूसरे अरबपति ने जनवरी से अभी तक 66.7 अरब डॉलर की दौलत गंवा दी है।

### कहां पहुंच गए अदाणी और अंबानी

इस साल जनवरी में अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग की एक रिपोर्ट आने के बाद से अदाणी ग्रुप के स्टॉक में बड़ी गिरावट देखने को मिली थी। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में कभी 4 नंबर पर रहने वाले गौतम अदाणी रिपोर्ट आने के बाद 37वें स्थान पर पहुंच गए थे। हालांकि कुछ दिनों में रिकवरी के कारण अब ये 23वें स्थान पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक इनके पास कुल दौलत 53.9 अरब डॉलर है। मुकेश अंबानी अरबपतियों की लिस्ट में 8वें से 13वें पायदान पर पहुंच चुके हैं और इनकी कुल संपत्ति 84 अरब डॉलर रह गई है।

### शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने जारी की रिपोर्ट

# यूरोपीय संघ के वन कटाई नियम से भारत का 1.3 अरब डॉलर का निर्यात होगा प्रभावित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यूरोपीय संघ (ईयू) के इस सप्ताह वनों की कटाई को लेकर लाये गये नियम से भारत से ईयू को होने वाले 1.3 अरब डॉलर मूल्य के कॉफी, चमड़े की खाल और पेपरबोर्ड जैसे उत्पादों का निर्यात प्रभावित होगा। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने एक रिपोर्ट में यह कहा है।

कार्बन कर पेश किये जाने के तीन सप्ताह के भीतर यूरोपीय संघ परिषद ने 16 मई को यूरोपीय संघ वन कटाई-मुक्त उत्पाद नियमन (ईयू-डीआर) पेश किए हैं। जीटीआरआई के अनुसार, यूरोपीय संघ के इस नियमन से ऐसा लगता है कि वे अपने स्वयं के कृषि क्षेत्र के संरक्षण को प्राथमिकता देने के साथ निर्यात को बढ़ावा देना चाह रहे हैं।

कानून के दायरे में मवेशी, भैंस, लकड़ी का फर्नीचर आदि हरित उपायों के तहत छुपी इस व्यापार बाधा से आयात करना मुश्किल होगा। इस कानून के दायरे में मवेशी, भैंस, पशु मांस, ऑयल मील, सोयाबीन, पॉम ऑयल, चॉकलेट, कॉफी, चमड़े की खाल, कागज, पेपरबोर्ड, लकड़ी, लकड़ी के सामान, लकड़ी की लुगदी और लकड़ी के फर्नीचर आदि आते हैं।





### महत्वपूर्ण उत्पाद प्रभावित होंगे

रिपोर्ट में कहा गया है, 'ईयू वन कटाई-मुक्त उत्पाद नियमन से देश के यूरोपीय संघ को होने वाले 1.3 अरब डॉलर मूल्य के निर्यात (2022 का आंकड़ा) पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इससे महत्वपूर्ण उत्पाद प्रभावित होंगे जिसमें कॉफी (43.54 करोड़ डॉलर), चमड़े की खाल आदि (8.35 करोड़ डॉलर), ऑयल केक (17.45 करोड़ डॉलर), कागज, पेपरबोर्ड (25.02 करोड़ डॉलर) और लकड़ी का फर्नीचर (33.46 करोड़ डॉलर) शामिल हैं।

- कॉफी, चमड़े की खाल और पेपरबोर्ड जैसे उत्पाद होंगे प्रभावित
- हरित उपायों के तहत छुपी इस व्यापार बाधा से आयात करना होगा मुश्किल

### वनों को खेती करने लायक बदला जरूरी

रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरोपीय संघ का दावा है कि वह 'वनों की कटाई से मुक्त' उत्पादों को बढ़ावा देकर वनीकरण में योगदान देना चाहता है, लेकिन यह सब कुछ और नहीं बल्कि भ्रमजाल है।' इसमें कहा गया है, 'यूरोपीय संघ ने स्वयं वनों की कटाई कर बड़े पैमाने पर कृषि भूमि का विस्तार किया है... कई अन्य देश जिनके पास प्राथमिक वनों का बहुत बड़ा हिस्सा है, उन्हें बढ़ती आबादी को भोजन उपलब्ध कराने के लिये प्राथमिक वनों को खेती करने लायक भूमि में बदलने की आवश्यकता है।'

**कार्बन कर प्रभावित करेगा**

जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 'कार्बन कर औद्योगिक उत्पादों के व्यापार और ईयू-डीआर कृषि उत्पादों के व्यापार को प्रभावित करेगा। दोनों नियमों का मकसद निकट भविष्य में सभी उत्पादों को अपने दायरे में लाने का है। यह कुल मिलाकर एक तरह से व्यापार पर यूरोपीय संघ का हमला है।'

### 2020 के बाद वनों की कटाई नहीं

निर्यातकों को अब यह सुनिश्चित करना होगा कि ये उत्पाद उस जमीन से जुड़े हों, जहां 31 दिसंबर, 2020 के बाद वनों की कटाई नहीं हुई हो। नये नियम 18 महीने के बाद बड़ी कंपनियों और 24 महीने बाद छोटी कंपनियों पर लागू होंगे। यानी बड़ी कंपनियों के लिये समयसीमा दिसंबर, 2024 है और छोटी कंपनियों के लिये जून, 2025 है।

### उद्यमों के लिए पैदा होगी चुनौतियां

कार्बन कर और ईयू-डीआर के तहत आने वाले उत्पादों के मामले में भारत के वैश्विक निर्यात में यूरोपीय संघ की हिस्सेदारी 23.6 प्रतिशत है। इन नियमों से छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों के लिये चुनौतियां पैदा होंगी। इसका कारण अनुपालन लागत और जांच-परख जैसी जरूरतें छोटी कंपनियों को वैश्विक कृषि व्यापार से बाहर कर सकती हैं।

# रुपे क्रेडिट कार्ड के लिए पेटीएम और एसबीआई में करार

एजेंसी ⏭ मुंबई

भुगतान एवं वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम ने रुपे नेटवर्क पर 'पेटीएम एसबीआई कार्ड' पेश करने के लिए एसबीआई कार्ड के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वर्ष 2020 में शुरू हुई पेटीएम और एसबीआई कार्ड की साझेदारी अब भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के रुपे को जोड़कर विस्तार कर रही है। तीनों घरेलू कंपनियां देश में समावेशी, डिजिटल-फर्स्ट वित्तीय सेवाओं के विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक हुई हैं। पेटीएम के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने बताया कि भारत अगली भुगतान क्रांति के मुहाने पर है जहां 'क्रेडिट' मुख्यधारा का भुगतान विकल्प बन जाएगा। सीईओ ने कहा, 'एसबीआई कार्ड, पेटीएम रुपे क्रेडिट कार्ड का मेल उपभोक्ताओं के लिए बेहतरीन विकल्प होगा। हमारे उपयोगकर्ता पहले से ही क्यूआर कोड आधारित भुगतान का अच्छा उपयोग करते हैं और यूपीआई क्यूआर कोड पर रुपे क्रेडिट कार्ड के काम करने से मोबाइल फोन पर लेनदेन को तेज गति मिलेगी।




- वर्ष 2020 में शुरु हुई पेटीएम व एसबीआई कार्ड में साझेदारी

*पेटीएम के जरिए भुगतान पर दो फीसदी केशबैक : हर संस्करण के कार्डधारक पेटीएम के जरिये भुगतान पर दो प्रतिशत कैशबैक और वॉलेट रीलोड और ईंधन व्यय को छोड़कर अन्य सभी खरीदारी पर एक प्रतिशत कैशबैक के हकदार होंगे।*

# फाडा की दोपहिया वाहनों पर जीएसटी दर घटाने की मांग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाहन डीलरों के निकाय 'फाडा' ने बृहस्पतिवार को दोपहिया वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की मांग की है।

फाडा का कहना है कि लाखों लोगों के लिए 'आवश्यक' खंड को 'विलासिता' की श्रेणी में नहीं रखा जाना चाहिए। फाडा ने कहा कि उसने वित्त मंत्री, जीएसटी परिषद के सभी सदस्यों, वाहन क्षेत्र देखने वाले भारी उद्योग मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से इस बारे में अपील की है। फाडा ने बयान में कहा, 'समय पर और निर्णायक हस्तक्षेप से दोपहिया वाहनों को अधिक किफायती बनाने के साथ मांग को पुनर्जीवित करने और पिछले कुछ वर्षों में बिक्री में भारी गिरावट देखने वाले उद्योग को फिर खड़ा होने में मदद मिलेगी।'

- 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी करने की मांग
- और अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे

फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने बयान में कहा, 'बढ़ती मुद्रास्फीति, कड़े उत्सर्जन मानदंडों और कोविड-19 के बाद के प्रभावों जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों से जूझ रहा दोपहिया उद्योग एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। अब जीएसटी परिषद के लिए दोपहिया वाहनों पर जीएसटी दर को कम करने का उपयुक्त समय है, जिससे उन्हें आम आदमी के लिए अधिक सुलभ बनाया जा सके।'

### उद्योगों को गति मिलेगी

सिंघानिया ने कहा कि कर कटौती से उद्योग को गति मिल सकेगी, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और देश की समग्र आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा।

# मेडट्रॉनिक नवोन्मेष केंद्र पर 3,000 करोड़ रुपए करेगी निवेश



हैदराबाद। स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दुनिया की प्रमुख कंपनी मेडट्रॉनिक पीएलसी यहां मेडट्रॉनिक इंजीनियरिंग एंड इनोवेशन सेंटर (एमईआईसी) के विस्तार के लिये 3,000 करोड़ रुपये निवेश करेगी। मेडट्रॉनिक ने बृहस्पतिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि एमईआईसी कंपनी का अमेरिका के बाहर यह सबसे बड़ा शोध एवं विकास केंद्र है। यह कंपनी का वैश्विक स्तर पर अनुसंधान एवं विकास आधारित नवोन्मेष तथा वृद्धि रणनीति का हिस्सा है। कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री केटी रामा राव से अमेरिका के न्यूयार्क में मुलाकात की। एमईआईसी में वर्तमान में 800 से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। नये निवेश की घोषणा के साथ अगले पांच साल में यह संख्या 1,500 से अधिक होने की उम्मीद है।

# एसएंडपी ने भारत के लिए 'बीबीबी' रेटिंग की पुष्टि की


**चीजों को दुरुस्त करने का प्रयास**

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार राजकोष के स्तर पर चीजों को दुरुस्त करने के प्रयासों के बावजूद राजकोषीय घाटा ऊंचा और कर्ज अधिक बनाये रख सकती है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साख तय करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत के लिये स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी-' रेटिंग की पुष्टि की है।

उसने यह भी कहा कि मजबूत आर्थिक बुनियाद से अगले दो-तीन साल आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। दीर्घकालीन रेटिंग के साथ स्थिर परिदृश्य यह बताता है कि देश की मजबूत अर्थव्यवस्था और राजस्व में अच्छी वृद्धि राजकोष को मजबूती प्रदान करेगा। अमेरिकी रेटिंग एजेंसी ने एक बयान में कहा, एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत के लिये 'बीबीबी-' दीर्घकालीन रेटिंग की पुष्टि की है। साथ ही अल्पकालिक विदेशी और स्थानीय मुद्रा को लेकर 'ए-3' रेटिंग की पुष्टि की है। दीर्घकालीन साख को लेकर परिदृश्य स्थिर है। 'बीबीबी-' निम्न निवेश स्तर की रेटिंग है। एसएंडपी ने कहा, 'चुनौतीपूर्ण वैश्विक स्थिति में भारत की अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन अच्छा है। हमारा अनुमान है कि मजबूत आर्थिक बुनियाद से अगले दो-तीन साल वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।'




- अगले दो-तीन साल आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा

## एसबीआई का लाभ 83 फीसदी उछला...





नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 83 प्रतिशत उछलकर 16,694.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। मुख्य रूप से ब्याज आय बढ़ने तथा फंसे कर्ज के एवज में कम प्रावधान से लाभ बढ़ा है।

एसबीआई ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में एसबीआई का शुद्ध लाभ एकल आधार पर 9,113.53 करोड़ रुपये रहा था। वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में ब्याज आय 31 प्रतिशत बढ़कर 92,951 करोड़ रुपये रही। फंसे कर्ज (एनपीए) के एवज में प्रावधान मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही में कम होकर 3,315.71 करोड़ रुपये रहा जो 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में 7,237.45 करोड़ रुपये था। एसबीआई ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के लिये 11.30 रुपये (1130 प्रतिशत) का लाभांश देने की सिफारिश की है। लाभांश भुगतान की तिथि 14 जून तय की गई है।

# सेंसेक्स 129 अंक टूटा हुई मुनाफावसूली

एजेंसी ⏭ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 129 अंक टूटकर बंद हुआ। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई और विविध कारोबार में सक्रिय आईटीसी के अच्छे तिमाही नतीजों के बावजूद मुनाफावसूली हावी होने से बाजार नुकसान में रहा। हालांकि, बाजार में ज्यादातर समय तक बढ़त की स्थिति रही लेकिन अंतिम घंटे में चुनिंदा शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 128.90 अंक यानी 0.21 प्रतिशत गिरकर 61,431.74 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 51.80 अंक यानी 0.28 प्रतिशत गिरकर 18,129.95 अंक पर आ गया।

- कंपनियों के अच्छे नतीजों के बावजूद मुनाफा वसूली
- आईटीसी के तिमाही परिणाम बेहतर रहे

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, निफ्टी में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में तेजी और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बावजूद कारोबार के अंत में यह गिरावट के साथ बंद हुआ।

### इनमें रहा नुकसान

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), टाइटन, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। इनमें खासतौर से आईटीसी और एसबीआई की गिरावट अहम है।

### इन शेयरों में लाभ

दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर लाभ में रहे।

# ब्रिटेन की ब्रांडबैंड कंपनी बीटी ग्रुप करेगी 55,000 लोगों की छंटनी

- कंपनी के बास फिलिप जानसेन फाइबर नेटवर्क बनाने ट्रांसफॉर्मेशन पर काम कर रही
- बीटी दशक के अंत तक कम वर्कफोर्स और कम कॉस्ट बेस पर भरोसा करेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


वोडाफोन से छंटनी की खबर आने बाद मंदी के संकेतों को लेकर डर लगा था। अब जो ब्रिटिश लैंड से खबर आई वो वाकई खौफनाक है।

ब्रिटेन का दिग्गज और सबसे बड़ा ब्रॉडबैंड और मोबाइल प्रोवाइडर बीटी ग्रुप ने गुरुवार को कहा कि वह दशक के अंत तक यानी 2030 तक कांट्रैक्टर्स समेत अपने कुल कर्मचारियों की संख्या में 55,000 नौकरियों तक की कमी करेगा. कंपनी के बॉस फिलिप जानसेन के अनुसार नेशनल फाइबर नेटवर्क को बनाने के लिए ट्रांसफॉर्मेशन पर काम किया जा रहा है। जानसेन ने कहा कि फाइबर रोल-आउट को पूरा करने के बाद, इसके काम करने के तरीके को डिजिटाइज करने और इसके स्ट्रक्चर को आसान बनाने के बाद, बीटी दशक के अंत तक कम वर्कफोर्स और कम कॉस्ट बेस पर भरोसा करेगा।

उन्होंने गुरुवार को कहा कि नया बीटी ग्रुप एक ब्राइट फ्यूचर के के साथ एक छोटा बिजनेस होगा। फिलिप के अनुसार ग्रुप कर्मचारियों की कुल संख्या 2030 के वित्तीय वर्ष तक 130,000 से घटकर 75,000 और 90,000 के बीच हो जाएगी। उस समय तक इसके फुल-फाइबर नेटवर्क का निर्माण पूरा हो जाएगा।

### 9 फीसदी तक गिर गए कंपनी के शेयर

इस फैसले के बाद से कंपनी के शेयर 9 फीसदी की गिरावट के साथ ओपन हुए हैं। मौजूदा समय में कंपनी का शेयर 7 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 137.60 जीबीएक्स पर कारोबार कर रहा है. आज कंपनी का शेयर 135.50 जीबीएक्स पर ओपन हुआ था। जीबीएक्स वास्तव में पाउंड का सौवां हिस्सा होता है। इससे पहले वोडाफोन की ओर से अगले 3 साल में 11 हजार कर्मचारियों को निकालने का फैसला किया है।




*रेवेन्यू में हुआ इजाफा : फाइनेंशियल रिजल्ट के बारे में जानकारी देते हुए जानसन ने कहा कि बीटी ने इकोनॉमी में अस्थिरता के बाद भी अच्छा प्रोग्रेस किया है। नेटवर्क में वृद्धि के बाद 7.9 बिलियन पाउंड (10 बिलियन डॉलर) के साथ कोर रेवेन्यू में 5 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है, लेकिन कैश कैपिटल एक्सपेंडीचर में वृद्धि के कारण फ्री कैश फ्लो 5 फीसदी गिरकर 1.3 बिलियन पाउंड हो गया।*

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 9 | 4 | 18 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 5 | 15 |
| लखनऊ | 13 | 7 | 5 | 15 |
| बेंगलोर | 13 | 7 | 6 | 14 |
| मुंबई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| राजस्थान | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 13 | 6 | 7 | 12 |
| पंजाब | 13 | 6 | 7 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 5 | 8 | 10 |
| हैदराबाद | 13 | 4 | 9 | 8 |





**औरेंज कैप** — डु प्लेसिस — 702 रन

**पर्पल कैप** — मो. शमी — 23 विकेट

## खबर संक्षेप



### पुरुष और महिला रिकर्व टीम स्पर्धाओं से बाहर

शंघाई। भारत की पुरुष रिकर्व टीम गुरुवार को यहां क्वार्टर फाइनल में कोरिया से हारकर तीरंदाजी विश्वकप से बाहर हो गई। भारत के धीरज बोम्मादेवरा, अतनु दास और नीरज चौहान की तिकड़ी को ली वू सोक, किम जे देओक और किम वूजिन की शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरियाई टीम के हाथों 0-6 (54-55, 56-57, 54-59) से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। सिमरनजीत कौर, अवनीत कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला टीम ने इंडोनेशिया की टीम से 1-5 (54-57, 57-57, 50-52) से हार गई।

### जॉनी को दोबारा चलने की नहीं थी उम्मीद

लंदन। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को उम्मीद नहीं थी कि अगस्त में गोल्फ खेलते समय लगी गंभीर चोट के बाद वह दोबारा चल भी सकेंगे। चोट के कारण



बेयरस्टो आठ महीने तक क्रिकेट से दूर रहे और अब आयरलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाले एक टेस्ट के लिए उन्हें टीम में चुना गया है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगा था कि पता नहीं दोबारा चल सकूंगा या नहीं, दौड़ सकूंगा या नहीं या क्रिकेट फिर खेल पाऊंगा कि नहीं। मेरे दिमाग में यही सब चल रहा था।'

### फ्रेंच ओपन में नहीं खेलेंगे चोटिल नडाल

पेरिस। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने गुरुवार को घोषणा की कि कूल्हे की चोट के कारण वह फ्रेंच ओपन से हट रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि 2024 उनके पेशेवर कॅरियर का अंतिम सत्र होगा। क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामिंट फ्रेंच ओपन में रिकॉर्ड 14 खिताब जीतने वाले नडाल 2005 में इस टूर्नामेंट में पदार्पण के बाद पहली बार इसमें नहीं खेल पाएंगे। अगले महीने 37 वर्ष के होने वाले नडाल ने स्पेन के मेनाकोर में अपनी टेनिस अकादमी में एक संवाददाता सम्मेलन में दौरान अपनी वापसी और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी।

## आईपीएल

### विराट-डुप्लेसी की यह मौजूदा सत्र की सबसे बड़ी साझेदारी


# बेंगलोर जीत से चौथे स्थान पर पहुंचा, कोहली का छठा शतक

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद पर आठ विकेट की एकतरफा जीत के साथ प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा।

आरसीबी के 13 मैच में 14 अंक हो गए हैं और टीम चौथे स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी ने विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी के बीच पहले विकेट की 172 रन की साझेदारी से 187 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। कोहली और डुप्लेसी की यह साझेदारी मौजूदा सत्र की किसी भी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है।

विराट का यह छठा आईपीएल शतक है, उन्होंने 19 अप्रैल 2019 को आखिरी बार कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ कोलकाता में शतक लगाया था। इस तरह कोहली ने 1489 दिन बाद आईपीएल में सेंचुरी लगाई। इससे पहले विराट ने 2016 के सीजन में 4 शतक लगाए थे। उनका बेस्ट आईपीएल स्कोर 113 रन है। छठे शतक के साथ कोहली ने आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम भी 6 शतक हैं। 5 शतक के साथ जोस बटलर इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं।




### क्लासेन का शतक बेकार

सनराइजर्स की टीम पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। टीम के 13 मैच में सिर्फ आठ अंक है और वह अंतिम स्थान पर है। सनराइजर्स ने इससे पहले हेनरिक क्लासेन (104 रन) के तेजतर्रार शतक और कप्तान एडेन मार्कराम (18) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 76 जबकि हैरी ब्रूक (नाबाद 27) के साथ चौथे विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 186 रन बनाए।




### सत्र का 8वां शतक

*विराट इस सीजन शतक लगाने वाले 8वें बैटर बने। उनसे पहले इसी मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से हेनरिक क्लासेन ने भी शतक लगाया था। इन दोनों से पहले पहले हैदराबाद के हैरी ब्रूक, गुजरात के शुभमन गिल, राजस्थान के यशस्वी जायसवाल, मुंबई के सूर्यकुमार यादव, कोलकाता के वेंकटेश अय्यर और पंजाब के प्रभसिमरन सिंह शतक लगा चुके हैं। विराट को छोड़ कर बाकी 7 खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में पहली बार ही शतक लगाया है।*

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का लोमरोर बो ब्रेसवेल | 11 | 14 | 2 | 0 |
| राहुल त्रिपाठी का हर्षल बो ब्रेसवेल | 15 | 12 | 2 | 1 |
| एडेन मार्कराम बो शाहबाज | 18 | 20 | 0 | 0 |
| हेनरिक क्लासेन बो हर्षल | 104 | 51 | 8 | 6 |
| हैरी ब्रूक नाबाद | 27 | 19 | 2 | 1 |
| फिलिप्स का पार्नेल बो सिराज | 05 | 04 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 186/5

गेंदबाजी : सिराज 4-0-17-1, पार्नेल 4-0-35-0, ब्रेसवेल 2-0-13-2, शाहबाज 3-0-38-1, हर्षल 4-0-37-1, कर्ण 3-0-45-0.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कोहली का फिलिप्स बो भुवनेश्वर | 100 | 63 | 12 | 4 |
| डुप्लेसी का त्रिपाठी बो नटराजन | 71 | 47 | 7 | 2 |
| ग्लेन मैक्सवेल नाबाद | 05 | 03 | 1 | 0 |
| माइकल ब्रेसवेल नाबाद | 04 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 19.2 ओवर में 187/2

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-48-1, अभिषेक 3-0-28-0, नटराजन 4-0-34-1, त्यागी 1.2-0-21-0, नितीश 2-0-19-0, डागर 4-0-25-0, फिलिप्स 1-0-10-0.

## पंजाब, राजस्थान के पास प्लेऑफ की उम्मीद


*धर्मशाला। पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में खुद को एक दूसरे से बेहतर साबित करके प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद बरकरार रखने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम के 13 मैचों में समान 12 अंक हैं लेकिन राजस्थान की टीम बेहतर रन रेट के आधार पर पंजाब से आगे है। इन दोनों टीम को हालांकि इस मैच में जीत दर्ज करने के अलावा बाकी टीम के मैचों में भी अनुकूल परिणाम के लिए प्रार्थना करनी होगी।*

## गुणतिलका पर चार में से तीन आरोप हटे



सिडनी। श्रीलंका के क्रिकेटर धनुष्का गुणतिलका पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के चार में से तीन आरोपों को गुरुवार को वापस ले लिया गया। गुणतिलका पर पिछले साल एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाया था। गुणतिलका पर चार बार बिना सहमति के यौन संबंध बनाने के आरोप लगाए गए थे जिसके बाद सिडनी पुलिस ने इस 32 वर्षीय खिलाड़ी को नवंबर में टी20 विश्व कप के दौरान टीम के होटल से गिरफ्तार किया था। सरकारी वकील ने हालांकि सिडनी की एक अदालत में तीन आरोप वापस ले लिए।

# चैंपियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी की फाइनल में धमाकेदार एंट्री




एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

बर्नार्डो सिल्वा के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रियल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल का पहला चरण 1-1 से बराबरी पर छूटा था और ऐसे में दूसरा चरण निर्णायक बन गया था जिसमें शुरू से लेकर आखिर तक मैनचेस्टर सिटी का दबदबा रहा।

- ईपीएल, चैंपियंस लीग और एफए कप जीतने के करीब

रियल मैड्रिड ने बेहद खराब खेल दिखाया और अगर गोलकीपर थिबॉट कौरटोइस ने कुछ अच्छे बचाव नहीं किए होते तो 14 बार का चैंपियन इससे भी बड़े अंतर से हार सकता था।

सिटी की तरफ से सिल्वा ने अपने दोनों गोल पहले हाफ में किए जबकि एडर मिलिटाओ ने दूसरे हाफ के शुरू में आत्मघाती गोल किया। जूलियन अल्वारेज ने इंजरी टाइम में चौथा गोल करके सिटी को सेमीफाइनल में ओवरऑल 5-1 से जीत दिलाई। इस जीत से सिटी तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं इंग्लिश प्रीमियर लीग, चैंपियंस लीग और एफए कप के खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है।

### तीन खिताब से एक-एक जीत दूर

*चैंपियंस लीग के फाइनल में उसका सामना 10 जून को इस्तांबुल में इंटर मिलान से होगा। मैनचेस्टर सिटी रविवार को अगर चेल्सी के खिलाफ जीत दर्ज कर लेता है तो वह लगातार तीसरी बार प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लेगा। वह पहले ही एफए कप के फाइनल में जगह बना चुका है जहां उसका सामना मैनचेस्टर यूनाइटेड से होगा। यूनाइटेड इंग्लैंड की एकमात्र टीम है जिसने एक सत्र में तीनों प्रमुख खिताब जीते थे। उसने यह कारनामा 1999 में किया था।*

## उनादकट की जगह सूर्यांश टीम में शामिल

लखनऊ। मुंबई के युवा हरफनमौला सूर्यांश शेडगे को चोटिल जयदेव उनादकट की जगह आईपीएल की लखनऊ सुपर जायंट्स टीम में शामिल किया गया है। उनादकट बायें कंधे में चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं। उन्हें दो सप्ताह पहले अभ्यास के दौरान चोट लगी थी।



लखनऊ टीम ने एक बयान में कहा, 'लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुरुवार को सूर्यांश शेडगे को चोटिल जयदेव उनादकट की जगह टीम में शामिल किया।' उन्हें 20 लाख रुपए में लिया गया है।

## तीरंदाजी विश्व कप : अंतिम-4 में पहुंचे प्रथमेश और अवनीत

एजेंसी ▶▶| शंघाई

भारत के युवा तीरंदाज प्रथमेश जावकर और अवनीत कौर ने कोरिया की दमदार चुनौती से पार पाते हुए तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कंपाउंड वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि रिकर्व तीरंदाज टीम स्पर्धा से बाहर हो गए। उन्नीस वर्ष के जावकर ने कोरिया के आठवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 149-148 से हराया। अब उनका सामना सेमीफाइनल में एस्तोनिया के रॉबिन जातमा से होगा।

18 वर्ष की अवनीत ने कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त ओ यूहयुन को कड़े शूटआफ में 142-142 (10*-10) से मात दी। क्वार्टर फाइनल में अवनीत ने मैक्सिको की डाफने



किंटेरो को 147-144 से हराया था। प्रथमेश और अवनीत विश्व कप में पहले व्यक्तिगत पदक से एक जीत दूर हैं। इससे पहले भारत की पुरुष रिकर्व टीम क्वार्टर फाइनल में कोरिया से हारकर तीरंदाजी विश्वकप से बाहर हो गई।

### वावरिंका ने एटीपी चैलेंजर टूर मैच में मर्रे को दी शिकस्त



बॉरदों। पिछले 40 वर्षों से अधिक समय में यह संभवतः पहला अवसर था जबकि दो ग्रैंडस्लैम चैंपियन एटीपी चैलेंजर टूर टेनिस प्रतियोगिता में आमने-सामने थे जिसमें स्टैन वावरिंका ने एंडी मर्रे को सीधे सेटों में हराया। अपनी तरह के इस विशेष मैच में वावरिंका ने 6-3, 6-0 से जीत दर्ज की। इन दोनों खिलाड़ियों ने तीन-तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं। वावरिंका ने 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, 2015 में फ्रेंच ओपन और 2016 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। मर्रे ने 2012 में अमेरिकी ओपन तथा 2013 और 2016 में विंबलडन का खिताब अपने नाम किया था।

## मोहन बागान की जर्सी के रंग में दिखेगी लखनऊ की टीम

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में जब कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी जर्सी का रंग दिग्गज फुटबॉल क्लब मोहन बागान की लाल और हरे रंग की जर्सी जैसा होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स को 2022 में कोलकाता स्थित आरपी संजीव गोयनका समूह ने खरीदा है।

इसी समूह ने 2020-21 सत्र में इंडियन सुपर लीग की टीम मोहन बागान में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की थी। लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के मालिक शाश्वत गोयनका ने कहा, 'मोहन बागान कोई संस्था नहीं है, यह वास्तव में एक भावना है। इसकी विरासत



कोलकाता शहर का प्रतिनिधित्व करती है। इसे ध्यान में रखते हुए, हमने फैसला किया है कि ईडन गार्डन्स में केकेआर के खिलाफ शनिवार के मैच में लखनऊ की टीम लाल और हरे रंग की धारीदार जर्सी में मैदान पर उतरेगी।'

### गावस्कर कभी मुझसे बात करने नहीं आएंगे : सहवाग

नई दिल्ली। आईपीएल के 64वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को 15 रन से हरा दिया। दिल्ली के लिए इस मैच में पृथ्वी शॉ ने 38 गेंद पर 54 रन बनाए। पृथ्वी को पारी को देखकर भारत के पूर्व विस्फोटक ओपनर वीरेंद्र सहवाग को मजेदार किस्सा याद आया। साथ ही उन्होंने पूर्व खिलाड़ियों की अहमियत के बारे में भी बताया। सहवाग ने एक क्रिकेट शो में कहा, 'पृथ्वी शॉ मेरे साथ एक विज्ञापन की शूटिंग की थी। उस समय शुभमन गिल भी साथ थे। उनमें से किसी ने एक बार भी क्रिकेट के बारे में बात नहीं की। हम वहां छह घंटे रहे। अगर आप किसी से बात करना चाहते हैं तो आपको उनसे संपर्क करना होगा। जब मैं टीम में नया था तब सनी भाई से बात करना चाहता था।

### एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर 23 अक्टूबर से होगा शुरू

# जापान, वियतनाम और उजबेकिस्तान के साथ भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम को एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे दौर में जापान, वियतनाम और मेजबान उजबेकिस्तान के साथ रखा गया है। ये मुकाबले 23 अक्टूबर से एक नवंबर तक खेले जाएंगे।

भारत ने किर्गीज गणराज्य को 5-0 और 4-0 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई।भारतीय टीम (61वां रैंक) ग्रुप सी में सबसे निचली रैंकिंग वाली है जबकि जापान की रैंकिंग 11वीं है। वियतनाम 33वीं और उजबेकिस्तान 50वीं रैंकिंग पर है। भारत ने पहले दौर के क्वालीफायर से पहले



उजबेकिस्तान के खिलाफ एक दोस्ताना मैच भी खेला जिसमें उसे 2-3 से पराजय झेलनी पड़ी। चार टीमें (तीन ग्रुप विजेता और सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली उपविजेता टीम) तीसरे दौर में पहुंचेंगी जो अगले साल 24 से 28 फरवरी के बीच खेला जाएगा। विजेताओं को 2024 ओलंपिक में महिला फुटबॉल में एशिया के लिये आरक्षित दो स्थान मिलेंगे। इस बीच भारत को 16 से 24 सितंबर तक होने वाले एएफसी अंडर17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के दूसरे दौर में कोरिया, थाईलैंड और ईरान के साथ ग्रुप मिला है। स्थान का निर्धारण अभी नहीं हुआ है। भारतीय टीम ग्रुप एफ के विजेता के तौर पर दूसरे दौर में पहुंची है। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें इंडोनेशिया में अगले साल सात से 20 अप्रैल तक होने वाले एएफसी अंडर 17 महिला एशिया कप के लिये क्वालीफाई करेंगी।

### पंजाब की आईएसएल में खेलने की पुष्टि

*नई दिल्ली। आईलीग चैंपियन राउंडग्लास पंजाब एफसी का शीर्ष स्तरीय इंडियन सुपर लीग में खेलना गुरुवार को पक्का हो गया जब क्लब ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से जरूरी लाइसेंसिंग मापदंड हासिल कर लिए। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुलाकात करने वाली एआईएफएफ की क्लब लाइसेंसिंग समिति ने पंजाब एफसी को प्रीमियर एक लाइसेंस प्रदान किया जो आईएसएल में खेलने के लिए आवश्यक है। पंजाब एफसी आईलीग 2022-23 में चैंपियन बना और अब वे आईएसएल 2023-24 में खेलेंगे। राउंडग्लास स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के अप्रैल 2020 में तत्कालीन मिनर्वा पंजाब एफसी का अधिग्रहण करने के बाद क्लब अस्तित्व में आया और इसे राउंडग्लास पंजाब एफसी नाम दिया गया।*

## दिल्ली के शानदार स्थल जो हर यात्री को तलाशने चाहिए

दिल्ली का पुराना नाम इंद्रप्रस्थ है और इंद्रप्रस्थ का महत्व प्राचीन काल से ही काफी महत्वपूर्ण रहा हैं। मुगल काम में दिल्ली में मुगलों ने राज किया। बड़े-बड़े किलों का निर्माण करवाया। दिल्ली की खूबसूरती और इसकी भौगोलिक स्थिति ने बड़े-बड़े साम्राज्य को अपनी ओर आकर्षिक किया। आज दिल्ली भले ही लोगों से भर गयी है लेकिन दिल्ली की वास्तविक खूबसूरती इससे कोई नहीं छीन सकता। दिल्ली में इतने शानदार स्थल है घूमने के लिए जहां जाकर आप ये भूल जाएंगे की आप भीड़-भाड़ वाली दिल्ली में हैं। आइये इस आर्टिकल में हम उन्हें जगहों के बारे में जानकारी देते हैं।

**लाल किला:** दिल्ली में सबसे प्रतिष्ठित स्थलों में से एक लाल किला है। लाल किला को 17वीं शताब्दी में मुगल सम्राट शाहजहाँ द्वारा बनाया गया था। यह एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है जो हर साल लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है। किले की शानदार वास्तुकला, जटिल नक्काशी, और आश्चर्यजनक बगीचे इसे दिल्ली आने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक जरूरी गंतव्य बनाते हैं।

**पुराना किला:** मध्य दिल्ली में स्थित पुराना किला भारत के सबसे पुराने और प्राचीन किलों में से एक है। हालांकि, मूल संरचना की नींव की सही समय अवधि रिसर्च करने वालों के पास नहीं है लेकिन किताबों में मिली जानकारी के अनुसार इसे दूसरे मुगल सम्राट हुमायूं और सुर सम्राट शेर शाह सूरी के शासनकाल में फिर से बनाया गया था। किले की पुरानी खुदाई तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व मौर्य काल के निशानों की ओर इशारा करती है।

**हुमायुं का मकबरा:** यह आश्चर्यजनक मकबरा 16वीं शताब्दी में बनाया गया था और यह मुगल सम्राट हुमायूं का विश्राम (कबर) स्थल है। हुमायुं का मकबरा मुगल वास्तुकला की उत्कृष्ट कृति है और इसे ताजमहल का अग्रदूत माना जाता है। दिल्ली के इतिहास और संस्कृति में रुचि रखने वाले इस जगह को देखने के लिए जा सकते हैं। मकबरा और उसके आस-पास के बगीचे बेदह खूबसूरत हैं।

**लोटस टेंपल:** यह अनोखा मंदिर कमल के फूल के आकार का है और दिल्ली के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। यह एक बहाई उपासना स्थल है और सभी धर्मों के लोगों के लिए खुला है। मंदिर की आश्चर्यजनक वास्तुकला और शांतिपूर्ण परिवेश इसे विश्राम और ध्यान करने के लिए एक आदर्श स्थान बनाते हैं।

**कुतुब मीनार:** दिल्ली में एक और प्रतिष्ठित स्मारक कुतुब मीनार है। यह दुनिया की सबसे ऊंची ईंट मीनार है। जिसकी ऊंचाई 73 मीटर है। मीनार को 12वीं शताब्दी में कुतुब-उद-दीन ऐबक द्वारा बनाया गया था और यह लौह स्तंभ और कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद सहित कई अन्य ऐतिहासिक संरचनाओं से घिरा हुआ है।

## नाइजीरिया के दो गांवों में हमला, 30 लोगों की मौत

**अबुजा, (एजेंसी)।** नाइजीरियाई पुलिस ने पुष्टि की है कि देश के मध्य पठारी राज्य में दो गांवों में हाल में हुए घातक हमलों में 30 स्थानीय लोग मारे गए हैं। पठार में पुलिस के प्रवक्ता अल्फ्रेड अलाबो ने एक बयान में कहा कि हमलों के सिलसिले में अब तक करीब संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मंगू स्थानीय सरकारी क्षेत्र के फंगजई और कुबत गांवों में काफी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस अभी भी अन्य बंदूकधारियों की तलाश कर रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक गांव से किसी ने पुलिस को फोन किया था और फंगजई और कुबत में हमले की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों के मौके पर पहुंचने के बाद हमलावर चार मोटरसाइकिलें, एक मिनीवैन और अपनी नापाक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कुछ अन्य वस्तुएं छोड़कर मौके से फरार हो गए।

## मुर्मु और मोदी ने धनखड़ को दी जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शुक्रवार को उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की। श्री धनखड ने श्रीमती मुर्मू और श्री मोदी का आभार व्यक्त किया है। श्रीमती मुर्मू ने एक ट्वीट में श्री धनखड़ को शुभकामनाएं देकर कहा कि उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को जन्मदिन पर हार्दिक बधाईयां। ईश्वर उन्हें राष्ट्र की सेवा के लिए अच्छा स्वास्थ्य एवं दीर्घ जीवन प्रदान करें।

## कबीर अफगानिस्तान के कार्यवाहक पीएम नियुक्त

**काबुल, (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार के सर्वोच्च नेता मुल्ला हैबतुल्ला अखुंदजादा ने मौलवी अब्दुल कबीर को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उप प्रधानमंत्री अब्दुल कबीर को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। उन्होंने ट्वीट किया कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री मुल्ला हसन अखुंद बीमार हैं और उन्हें कुछ समय तथा कंधार में इलाज कराने और आराम करने की जरूरत है। इसलिए मौलवी अब्दुल कादिर को प्रधानमंत्री कार्यालय के मामलों का प्रभार सौंपा गया है। मौलवी कबीर ने अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के समय तालिबान वार्ता टीम के सदस्य के रूप में कार्य किया था। इससे पहले उन्होंने पूर्ववर्ती तालिबानी शासन के दौरान नांगरहार प्रांत के गवर्नर के रूप में कार्य किया था।

## आईएमएफ से घाना को 3 अरब डॉलर का ऋण मंजूर

**अकरा, (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) घाना को मौजूदा आर्थिक संकट से निपटने के लिए तीन अरब अमेरिकी डॉलर की विस्तारित ऋण सुविधा देगा। आईएमएफ ने बुधवार को एक बयान में बताया कि उसके कार्यकारी बोर्ड ने घाना को तीन अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण देने का निर्णय लिया है। यह निर्णय घाना को लगभग 60 करोड़ डॉलर का तत्काल भुगतान करने में सक्षम करेगा। आईएमएफ ने कहा कि यह सुविधा घाना सरकार द्वारा एक व्यापक सुधार कार्यक्रम का समर्थन करेगी और गहरे आर्थिक संकट से निपटने के लिए होगा। घाना सरकार का सुधार कार्यक्रम अर्थव्यवस्था को लचीला बनाने और अधिक मजबूत तथा समावेशी विकास की नींव रखने के लिए व्यापक सुधारों को लागू करते हुए व्यापक आर्थिक स्थिरता और ऋण वहनीयता को बहाल करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## आज का इतिहास

- **1521:** उसमानी सेना ने भयानक लड़ाई के बाद बालकान प्रायद्वीप में यूगोस्लाविया की राजधानी बेलग्रेड पर अधिकार कर लिया।
- **1714:** ब्रिटेन की महारानी ने अपने जीवनकाल में हनोवर के सदन के सदस्यों को ब्रिटेन में रहने की इजाजत देने से इनकार किया।
- **1802:** नेपोलियन बोनापार्ट ने साहब फ्रेंच लेजन (साहब की सेना) स्थापना की।
- **1900:** दुनिया की मौजूदा सबसे बड़ी रेल सुरंग सिंपलन यात्रियों के लिए खुला, इटली-स्विट्जरलैंड मार्ग से जुड़े।
- **1930:** श्वेत महिलाओं को साउथ अफ्रीका में वोट देने का अधिकार प्राप्त हुआ।
- **2001:** दुनिया की सबसे कीमती कंपनियों में शुमार टेक कंपनी एपल ने रिटेल स्टोर्स खोलने की शुरुआत की थी।



# जारी रहेगा जल्लीकट्टू

### सुप्रीम कोर्ट से इजाजत, सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा माना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विधायिका ने घोषणा की है कि जल्लीकट्टू तमिलनाडु राज्य की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है, तो न्यायपालिका अलग दृष्टिकोण नहीं रख सकती है। विधायिका यह तय करने के लिए सबसे उपयुक्त है।

**दाखिल याचिकाओं को खारिज किया**

तमिलनाडु मे जल्लीकट्टू (सांडों को काबू में करना), कर्नाटक में कंबाला (भैंसे की दौड़) और महाराष्ट्र के बैलगाड़ी दौड़ जैसे पारंपरिक खेलों को अनुमति दिए जाने के मामले मे सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ का अहम फैसला। कोर्ट ने माना जल्लीकट्टू तमिलनाडु की सांस्कृतिक गतिविधि है, इसलिए इसमें हस्तक्षेप नहीं करेगा। तमिलनाडु द्वारा किया गया संशोधन अनुच्छेद 15ए का उल्लंघन नहीं करता। इस खेल को लेकर जो नियम बनाए गए हैं उसे प्रशासन सख्ती से लागू करे।

अगर पशुओं के खिलाफ क्रूरता कानून का उल्लंघन हो तो कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने ये भी कहा कि जल्लीकट्टू तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है या नहीं यह तय करना कोर्ट का काम नहीं है। जब विधायिका ने घोषणा की है कि जल्लीकट्टू तमिलनाडु राज्य की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है, तो न्यायपालिका अलग दृष्टिकोण नहीं रख सकती है। विधायिका यह तय करने के लिए सबसे उपयुक्त है। बेंच ने नागराज में 2014 के फैसले से असहमति जताई कि जल्लीकट्टू सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा नहीं है। जल्लीकट्टू के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को खारिज किया गया है।

याचिकाकर्ताओं ने इन खेलों की अनुमति देने वाले राज्यों के कानूनों की वैधता को चुनौती दी थी। उनके मुताबिक- इन खेलों में पशुओं के साथ क्रूरता होती है। संविधान पीठ को ये तय करना था कि क्या राज्यों के पास इस तरह के कानून बनाने के लिए विधायी क्षमता है, जिसमें जल्लीकट्टू और बैलगाड़ी दौड़ अनुच्छेद 29 (1) के तहत सांस्कृतिक अधिकारों के तहत आते हैं और संवैधानिक रूप से संरक्षित किए जा सकते हैं। दरअसल, 2014 मे सुप्रीम कोर्ट ने इसे गैरकानूनी घोषित कर दिया था लेकिन राज्यों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद संशोधन किया था।

## 26/11 के साजिशकर्ता राणा को भारत में लाने की तैयारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कोर्ट ने तहव्वुर के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। अब एनएआई अमेरिकी सरकार से संपर्क के मदद से तहव्वुर को जल्द से जल्द भारत लाएगा। तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है, जिसने लश्कर के आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली के साथ मिलकर 26/11 हमले की साजिश रची थी। तहव्वुर को भारत सरकार की मांग पर अमेरिका में गिरफ्तार किया गया था।



**पाकिस्तान मूल का कनाडाई नागरिक है राणा**

भारत ने 10 जून 2020 को 62 साल के तहव्वुर राणा की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शिकायत दर्ज की गई थी। इसको लेकर अमेरिका के जो बाइडेन प्रशासन ने राणा को भारत भेजने को लेकर समर्थन किया था और मंजूरी दी थी। यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया के यूएस मजिस्ट्रेट जज जैकलीन चूलजियान ने सभी दस्तावेजों की समीक्षा की। दस्तावेजों के आधार के साथ- साथ तर्कों पर विचार किया। इसके बाद मंगलवार (16 मई) 48 पन्नों के अदालती आदेश में तहव्वुर राणा को भारत भेजने की बात कि गई। जज जैकलीन चूलजियान ने आदेश देते हुए लिखा कि दस्तावेजों के समीक्षा और विचार के आधार पर अमेरिका के राज्य सचिव को आरोपित अपराधों पर राणा की प्रत्यर्पण की अनुमति देता है।

## समीर वानखेड़े ने दायर की रिट पिटीशन

**नई दिल्ली।** समीर वानखेड़े के ऊपर आरोप है कि उन्होंने आर्यन को छोड़ने के लिए 25 करोड़ रुपए की डिमांड की थी। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को भी केस के बारे में जानकारी नहीं दी।



**कहा- आर्यन ड्रग्स केस की पूरी जानकारी सीनियर्स को दी थी**

अब उन्होंने चैट्स के जरिए सफाई देते हुए कहा है कि इस केस के बारे में उन्होंने अपने सीनियर्स को पूरी जानकारी उपलब्ध कराई थी। समीर वानखेड़े के ऊपर आरोप है कि उन्होंने आर्यन को छोड़ने के लिए 25 करोड़ रुपए की डिमांड की थी। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को भी केस के बारे में जानकारी नहीं दी। अब उन्होंने चैट्स के जरिए सफाई देते हुए कहा है कि इस केस के बारे में उन्होंने अपने सीनियर्स को पूरी जानकारी उपलब्ध कराई थी। आर्यन खान ड्रग्स केस की जांच करने वाले पूर्व एनसीबी चीफ समीर वानखेड़े ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपने बचाव में एक रिट दाखिल की है। इसके तहत उन्होंने चैट्स की कुछ कॉपी मुहैया कराई है।

## शिवलिंग कार्बन डेटिंग: आज हाईकोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक निर्देश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करेगा। इसमें मस्जिद परिसर के अंदर मौजूद एक संरचना की उम्र निर्धारित करने के लिए वैज्ञानिक सर्वेक्षण का आदेश दिया था। हिंदुओं की मान्यता है कि यह शिवलिंग है।



मुसलमान इसे फव्वारा का हिस्सा बताते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने मस्जिद प्रबंधन समिति की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी द्वारा दायर याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की है। याचिका में कहा गया है, हाईकोर्ट ने पिछले सप्ताह एक आदेश पारित किया है। अंतिम निर्णय लंबित है। कार्बन डेटिंग के लिए एक आवेदन किया गया था और इसकी अनुमति दे दी गई है। सीजेआई ने कहा कि इसे 22 मई को सूचीबद्ध किया जा सकता है। अहमदी ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा कार्बन डेटिंग इसी दिन शुरू होने वाला है।

चीफ जस्टिस शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गए। 12 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ढांचे की कार्बन डेटिंग की मांग को खारिज का वाराणसी जिला अदालत के आदेश को खारिज कर दिया।

## जातीय गणना पर बिहार सरकार को राहत नहीं

**पटना।** बिहार के जातीय गणना पर सुप्रीम कोर्ट से सरकार को राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि मामला हाईकोर्ट में है। 3 जुलाई को सुनवाई भी होनी है। अगर हाईकोर्ट इस मामले में सुनवाई नहीं करता है तो हम 14 जुलाई को इस मामले में सुनवाई करेंगे।

सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए वकील ने कहा कि गणना का 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इसलिए हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर हमें 10 दिन और दे दिए जाएं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें देखना है कि ये सर्वे है या जनगणना। सरकार डेटा को कैसे प्रोटेक्ट करेगी। सुप्रीम कोर्ट में मुद्दा उठा कि सरकार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गणना कर रही थी। कोर्ट ने कहा कि ये सीरियस मुद्दा है। आप लोगों का डेटा कैसे प्रोटेक्ट कर रहे हैं। कोर्ट ने एजेंसी का नाम भी पूछा। दो जजों की बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट में सुनवाई का इंतजार कीजिए। हाईकोर्ट का अंतिम फैसला आने के बाद कोर्ट देखेगा कि इसे सुनना है या नहीं। रिट याचिका की सुनवाई अगली तारीख से पहले शुरू नहीं होती है तो हम मामले को सुनेंगे। पटना हाईकोर्ट ने बिहार में हो रहे जातीय गणना पर रोक लगाई है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर गोवा के राज्यपाल व सीएम से की मुलाकात

**पणजी (एजेंसी)।** लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद कैलाश सोनी के निर्देश पर संगठन के एक शिष्ट मंडल ने गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन तथा मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत से अलग-अलग भेंटकर गोवा के आपातकाल 1975 में निरूद्ध राजनैतिक/सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किए जाने हेतु अनेक राज्यों के आदेशों को संलग्न करते हुए ज्ञापन देकर सविस्तार संवाद किया।

### सकारात्मक आश्वासन मिला

संगठन के राष्ट्रीय सचिव मदन बाथम के अनुसार राज्यपाल से मुलाकात में केरल के लोकतंत्र सेनानी रवींद्रन की महती भूमिका रही, जहां एक ओर राज्यपाल ने ज्ञापन को अपने सकरात्मक अभिमत के साथ मुख्यमंत्री को भेजने का आश्वासन दिया, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने भी सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। गोवा से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दत्ता नाईक के नेतृत्व में मिले शिष्ट मंडल में कर्नाटक के राज्य संयोजक माधव शणैं, मीनानाथ उपाध्याय (गोवा) आदि थे।

## पूर्वोत्तर हम सबका मस्तक, पहले हुई उपेक्षा, मोदी सरकार कर रही है काम

### मंत्री तोमर ने त्रिपुरा के जैविक अनानास की दिल्ली में की लांचिंग

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** नई दिल्ली, (ब्यूरो)। त्रिपुरा के प्रसिद्ध जैविक क्वीन अनानास (पाइनापल) को दिल्ली में मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने एक समारोह में लांच किया। इस मौके पर त्रिपुरा के कृषि एवं किसान कल्याण, ऊर्जा व संसदीय कार्य मंत्री रतनलाल नाथ भी मौजूद थे।



कार्यक्रम में श्री तोमर ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की प्राथमिकता है, केंद्र सरकार वहां लगातार काम कर रही है और प्रसन्नता की बात है कि पीएम मोदी के द्वारा सतत् प्रोत्साहन के फलस्वरूप त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर के अन्य राज्य तेजी से प्रगति कर रहे हैं। दिल्ली हाट, आईएनए में त्रिपुरा सरकार और स्टेट को-आपरेटिव सप्लाय एवं मार्केटिंग फेडरेशन (सिमफेड) द्वारा आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र हम सबका मस्तक है, जिसकी पहले उपेक्षा हुई थी और वहां के लिए बजट आवंटन भी कम होता था, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से क्षेत्र पर पूरा ध्यान दिया है। स्वयं पीएम मोदी नौ साल में 52 बार पूर्वोत्तर का दौरा कर चुके हैं, साथ ही उनके दिशा-निर्देश पर केंद्रीय मंत्री भी वहां नियमित प्रवास कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर की जो कोई भी कठिनाई हो तो उसे हल कर वहां विकास का मार्ग प्रशस्त करें। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय भी क्षेत्र की प्रगति के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन में जुटा रहता है।

## अजमेर में बरसा कांग्रेसियों का मतभेद, जमकर चले लात-घूंसे

### फीडबैक चाहती थी कांग्रेस गहलोत व पायलट समर्थक भिड़े



**अजमेर, (एजेंसी)।** राजस्थान सीएम अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के बीच में मतभेद का असर उनके समर्थकों व कार्यकर्ताओं पर भी दिखा। अजमेर में गुरुवार को कांग्रेस पार्टी चुनावी तैयारियों का फीडबैक लेना चाहती थी, लेकिन दोनों गुट के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को पीटकर बताया कि माहौल गर्म है। बहस से शुरू होकर लात-घूसों की बरसात से कार्यक्रम अखाड़ा बन गया।

कांग्रेस एआईसीसी सचिव और राजस्थान सह प्रभारी अमृता धवन कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ फीडबैक का कार्यक्रम था। धवन के इसकी शहर कांग्रेस की ओर से वैशालीनगर में स्थित गोविंदम गार्डन में सारी तैयारियां की। धवन मौके पर पहुंचतीं उससे पहले ही देहात और शहर के कांग्रेस नेता और आम कार्यकर्ता वहां पहुंचे और भिड़ने लग गए।

**बिना बात किए वापस लौटीं अमृता**

अमृता धवन को अजमेर यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हंगामे की खबर वैशाली नगर में गोविंदम समारोह स्थल के बाहर तक पहुंचते ही मिल गई तो वे कार्यकर्ताओं से बिना बात किए सर्किट हाउस लौटीं और जयपुर से अजमेर पहुंची। समर्थकों में जमकर हंगामा हुआ और हाथापाई की नौबत आ गई। अजमेर शहर कांग्रेस की ओर से आयोजित इस फीडबैक कार्यक्रम में पहले से ही देहात कांग्रेस के लोगों के पहुंचकर हॉल पर कब्जा करने का आरोप लगाया। शहर कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई और माइक सिस्टम को भी बंद कर दिया।

## जहाज में डूबे 39 लोग, चीन ने मांगी मदद, भारतीय नौसेना ने भेज दिया विमान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** चीन की गुहार पर भारतीय नौसेना ने समुद्र में एक बड़ा ऑपरेशन चलाया है। दो दिन पहले चीन का एक मछली पकड़ने वाला जहाज समुद्र में डूब गया था। इस जहाज पर 39 लोग सवार थे। चीन अभी तक इन्हें खोज नहीं पाया है। जिसके बाद उसने भारत से मदद मांगी। चीन के अनुरोध पर भारतीय नौसेना ने 17 मई को जहाज का पता लगाने के लिए ऑपरेशन शुरू किया। चीनी जहाज हिंद महासागर में 39 लोगों के साथ डूब गया था।

भारत के अलावा, चीन ने 39 लोगों को बचाने के लिए कई अन्य देशों से भी मदद मांगी है। डूबे जहाज में 17 चीन के चालक दल के सदस्य, 17 इंडोनेशियाई और फिलीपींस के पांच लोग शामिल हैं। यह जहाज मंगलवार को हिंद महासागर के मध्य भाग में डूबा था। चीनी नौसेना के अनुरोध पर भारतीय नौसेना ने 17 मई को दक्षिणी हिंद महासागर क्षेत्र में भारत से लगभग 900 समुद्री मील दूर पी-8आई विमान तैनात किया है। चीन का जो जहाज समुद्र में डूबा है उसका नाम लू पेंग युआन यू 028 है। भारतीय नौसेना के विमान पी-8आई ने बेहद खराब मौसम में व्यापक खोज अभियान चलाए।

## Filmi तड़का

**फिल्म फेस्टिवल**

## कांस में जलवा बिखेरेंगी सपना



**नई दिल्ली।** हरियाणा की मशहूर डांसर सपना चौधरी फ्रांस में चल रहे अंतरराष्ट्रीय कांस फिल्म फेस्टिवल में अपना अदा का जलवा बिखेरती दिखाई देंगी। इससे पहले भी सपना चौधरी देश-विदेश के कई बड़े मंच पर अपना जलवा दिखा चुकी है। सपना ने कहा कि इस फेस्टिवल में डेब्यू करने के लिए न्योता मिलना बेहद गौरव की बात है, जिससे वे काफी उत्साहित भी है। मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं सभी को गौरवान्वित करूंगी। इससे पहले हरियाणा मूल की मानुषी छिल्लर कांस फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर चुकी है। सपना चौधरी ने कहा कि इस फिल्म फेस्टिवल को लेकर उन्होंने कोई विशेष तैयारी तो नहीं की है, लेकिन इसको लेकर वे काफी उत्साहित है। सपना ने कहा कि जब वे कांस फेस्टिवल में एंट्री करेगी तो सारी दुनिया हरियाणे नै ए आंख अर कान लगा के देखैगी। सपना चौधरी फेमस हरियाणवी सिंगर और डांसर है। उनके फैंस देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी है। 32 साल की सपना ने सबसे पहले हरियाणवी गानों पर डांस के जरिए पापुलेरिटी हासिल की। उनके कई वीडियो यूट्यूब और सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए थे। साल 2016-17 में वे सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले चर्चित रियलिटी टीवी शो बिग बॉस में बतौर कंटेस्टेंट नजर आई। जिसके बाद उनकी पापुलेरिटी काफी बढ़ गई। पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने भी 76वें कांस फिल्म फेस्टिवल में अपना डेब्यू किया। कांस फिल्म फेस्टिवल में जाने वाली छिल्लर के बाद सपना दूसरी हरियाणवी होंगी।



## स्पाइडर मैन के प्रमोशन में पहुंचे क्रिकेटर शुभमन गिल

**बॉलीवुड में करेंगे डेब्यू?**

**मुंबई।** बॉलीवुड और क्रिकेट दो ऐसी चीजें हैं, जिसको लेकर क्रेज पूरे देशभर में है। अगर ऐसे में जब ये दोनों आपस में मिल जाते हैं, तो फैंस का उत्साहित होना लाजीम है। कुछ ऐसा ही नजारा थर्सडे को मुंबई के जुहू स्थित पीवीआर सिनेमा में देखने को मिला, जब क्रिकेट शुभमन गिल स्पाइडर मैन के प्रमोशन में पहुंचे। बता दें, गिल ने स्पाइडर मैन-अक्रॉस द स्पाइडर वर्स फिल्म में अपनी आवाज दी है। गिल ने इसे दो भाषाओं हिंदी और पंजाबी में डब किया है। मौके पर गिल ने मीडिया के सवालों का भी दिल खोलकर जवाब दिया। स्पाइडर मैन के लिए हामी भरने पर गिल कहते हैं, स्कूल के दिनों में मैं स्पाइडर मैन का बहुत बड़ा फैन था। मैं उसकी कॉपी किया करता था। अपने रिकॉर्डिंग एक्सपीरियंस पर गिल कहते हैं, इससे पहले मैंने कभी डबिंग नहीं की। पंजाबी भाषा में बोलना मजेदार रहा है। हिंदी में भी बहुत मजा आया है। जितना मैंने सोचा था उससे थोड़ा मुश्किल था, लेकिन ओवरऑल एक्सपीरियंस बेहतरीन रहा है। उम्मीद है लोगों को भी पसंद आएगी। एंटरटेनमेंट की दुनिया में डबिंग की शुरुआत भले गिल ने कर दी है, लेकिन क्या वो एक्टिंग को लेकर भी कुछ प्लान कर रहे हैं। जवाब में गिल कहते हैं, मैं इस आइडिया से बहुत ही फैसिनेटेड हूं। मुझे नहीं पता कि मैं फिल्म में काम कर पाऊंगा कि नहीं। इस पर कुछ कह नहीं सकता हूं।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मशाल जुलूस व पुरानी पेंशन बहाली रथ का स्वागत करेंगे केंद्रीय व राज्य कर्मचारी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पुरानी पेंशन वापसी को लेकर अब कर्मचारी आरपार की लड़ाई का आंदोलन करेंगे इसके लिए पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच द्वारा उत्तर प्रदेश में पेंशन रथ यात्रा शुरू कर दी गई है जिसके राष्ट्रीय संयोजक रेलवे मेंस यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने कानपुर से 16 मई को झंडी दिखाकर रवाना किया` यह जानकारी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव ने देते हुए बताया कि मंच द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय कर्मचारी संगठन एवं राज्य कर्मचारी संगठन मिलकर 21 मई को मशाल जुलूस निकालेंगे यह जुलूस वाराणसी में रेलवे स्टेशन कैंट परिसर से इंग्लिशिया लाइन होते हुए भारत माता मंदिर तक आकर एक संक्षिप्त सभा में परिवर्तित हो जाएगा` जहां सभी सम्मानित वरिष्ठ पदाधिकारीगण सभा को संबोधित करेंगे यह निर्णय



कोषागार कार्यालय परिसर के निकट केंद्रीय और राज्य कर्मचारी संगठन के संयुक्त बैठक में लिया गया साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि 24 मई को सायं 5 बजे पुरानी पेंशन बहाली रथयात्रा जनपद चंदौली से वाराणसी सीमा में प्रवेश करेगी उसका स्वागत करने के लिए सभी कर्मचारी चाहे वह केंद्र के हो या राज्य के सभी राजघाट पुल के पास स्वागत करेंगे और दोपहिया व चार पहिया वाहन से गोलगड्डा, चौकाघाट, अंधरापुल, रोडवेज होते हुए लहरतारा से माल गोदाम की ओर होते हुए आरएमएस कार्यालय के पास एक सभा करेंगे` जहां रथयात्रा में बैठे वरिष्ठ पदाधिकारी जो लखनऊ से चलकर जगह-जगह संबोधित कर रहे हैं उनके द्वारा संबोधन किया जाएगा आज की बैठक में कर्मचारियों के मसीहा व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संस्थापक महामंत्री स्वर्गीय बी एन सिंह की 24 वी पुण्यतिथि मनाई गई और उनके कृत्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी वक्ताओं ने कहा कि बाबू बीएन सिंह की संघर्षों का परिणाम रहा कि आज राज्य कर्मचारियों को बहुत सारी सुविधाएं मिल रही है जो वर्तमान सरकार द्वारा एक-एक करके कर्मचारियों से दूर किया जा रहा है रोष प्रकट किया` बैठक में की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव व संचालन जिला मंत्री श्यामराज यादव यादव ने किया` बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव ने बताया कि 21 मई रविवार को होने के बावजूद सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी रेलवे स्टेशन परिसर में एकत्रित होकर पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे और भारत माता मंदिर तक आएंगे बैठक को एनआरएमयू के मंडल मंत्री सुनील सिंह ने कहा कि सैकड़ों की संख्या में अच्छी खासी भीड़ में हमारे रेलवे के कर्मचारी सम्मिलित होंगे।

साथ ही केंद्रीय कर्मचारी समन्वय समिति के महामंत्री सुभाष शाह ने कहा की मशाल जुलूस में आयकर विभाग खादी ग्राम उद्योग बोर्ड सेवानिवृत्त सैनिक संगठन रेल डाक सेवा के कर्मचारी सम्मिलित होंगे` बैठक में पेंशनर कल्याण संस्था के अध्यक्ष एस डी मिश्रा ने बताया कि मशाल जुलूस में और रथ यात्रा में सैकड़ों की संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी सम्मिलित रहेंगे क्योंकि पुरानी पेंशन ही बुढ़ापे का सहारा है इसे नए कर्मचारियों से नहीं छीना जा सकता इसके लिए हमें कोई भी कुबार्नी देनी पड़ेगी दी जाएगी` बैठक के अंत में परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र पांडे ने उपस्थित समस्त संगठनों के पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया` बैठक में महिमादत्त द्विवेदी, दीपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव मंडल मंत्री ,सुभाष सिंह ,अवध नारायण पांडे, जिला मंत्री , पेंशनर्स कल्याण संस्था प्रेमचंद गुप्ता, रामचंद्र गुप्ता ,जिलाध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ दिनेश सिंह, अध्यक्ष विकास भवन कार्णिक संघ ,सुधांशु कुमार सिंह, संप्रेक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव ,विष्णु गुप्ता, बृजेश सिंह चौधरी ,सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ,अजीत ,हरेंद्र यादव, अवधेश पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न

प्रखर आजमगढ़। आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के द्वारा गोल्डन फॉर्चून होटल में काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ। आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडेय एवम एसोसिएशन के मंडल संयोजक मनोज पांडेय ने समाजसेवी गोल्डन फॉर्चून होटल के एमडी संतोष यादव को एसोसिएशन द्वारा सम्मान पत्र एवं कवि लेखक उद्योग इंटर कॉलेज कोयलसा के प्रवक्ता द्वारा अंगवस्त्रम एवं प्रवक्ता लेखक दिनेश कुमार द्वारा बुके एवं शायर ताज आजमी कवि रोहित राही द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गोल्डन फार्चून होटल के एम. डी. श्री संतोष यादव ने की।संचालन वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार संजय कुमार पाण्डेय जी ने किया। कवि रोहित राही ने



वर्तमान परिवेश में बदलते हुए रिश्तो के ऊपर अपनी कविता पढी- "जमाने को बदलते हुए हमने देखा। साथ वालों को पलटते हुए हमने देखा।" इसके उपरांत प्रवक्ता कवि महेंद्र मृदुल ने सांप्रदायिक सद्भाव एवं भाईचारा बनाए रखने के लिए अपने गीत प्रस्तुत किए जो बहुत सराही गई।

"प्रेम का बीज दिल के गहर बोइए।
साथ हर खुशी की लहर बोइए।
जो लगाते फसल काटते हैं वही।
भूलकर भी न कोई जहर बोइए।

शायर ताज आजमी ने अपनी रचना पढी। जख्म खाते रहे मुस्कुराते रहे दोस्ती दोस्तों से बढ़ाते रहें। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी होटल के एमडी संतोष यादव ने कहा कि एसोसिएशन ने जो हमें सम्मानित किया है उसके प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं और कवि शायर द्वारा जो रचनाएं प्रस्तुत की गई हैं बहुत ही सराहनीय है इससे समाज को प्रेरणा मिलेगी। अंत में उद्योग इंटर कॉलेज कोयलसा भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता दिनेश कुमार एवम मंडल संयोजक मनोज पांडेय ने आए हुए कवियों का सम्मान करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया। साहित्यकार संजय कुमार पांडे ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपने शेरो शायरी के माध्यम से माहौल को खुशनुमा बना दिया।

## इंतजार खत्म, मुक्त विश्वविद्यालय ने प्रारंभ किया बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश

प्रखर डेस्क। उ.प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज द्वारा सत्र 2023-24 में बीएड विशिष्ट शिक्षा में प्रवेश प्रक्रिया को बीएड स्पेशल एस ई ओडीएल रेगुलेशन 2021 के अंतर्गत प्रारंभ किया गया है। इस बार बीएड के साथ ही विशिष्ट शिक्षा में भी प्रवेश लिए जाएंगे। बीएड विशिष्ट शिक्षा के वर्तमान सत्र 2023- 24 में कुल 550 सीटें हैं। इसमें 50 सीटें अल्प आय वर्ग के लिए समाहित हैं। बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम वर्तमान में 10 अध्ययन केंद्रों में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा प्रदत्त एनओसी के आधार पर संचालित होता है। बीएड विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, कृषि, वाणिज्य के स्नातक अथवा परास्नातक अथवा समकक्ष उपाधि में कम से कम 50% अंक पाने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। प्रदेश के 10 अध्ययन



केंद्रों दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर, टीडी कॉलेज जौनपुर, डीजे कॉलेज बागपत, ऊपरदहा डिग्री कॉलेज प्रयागराज, श्री महावीर प्रसाद महाविद्यालय लखनऊ, देव इंद्रावती महाविद्यालय अंबेडकर नगर, कृष्ण सुदामा संस्थान वाराणसी, प्रोफेसर एस एन मिश्रा कॉलेज आफ एजुकेशन कानपुर, फैजी आलम मॉडर्न डिग्री कॉलेज मथुरा तथा चौधरी तुलसीराम यादव महाविद्यालय प्रयागराज में प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। क्षेत्रीय समन्वयक आजमगढ़ डॉ श्याम दत्त दुबे ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन शुल्क के अंतिम तिथि 15 जून तक निर्धारित की गई है। विलंब शुल्क सहित आवेदन 24 जून तक जमा किए जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा के संभावित तिथि 22 जुलाई 2023 है।

## किसानों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ प्रदर्शन

प्रखर मिजार्मुराद वाराणसी। मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर से प्रभावित किसानों पर हुई बर्बर लाठीचार्ज के खिलाफ प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम नागेपुर में लोक समिति के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया गया. गांव के अंबेडकर पार्क में आयोजित सभा में लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए और कहा कि प्रशासन मनमानी तरीके से किसानों की जमीन जबरदस्ती अधिग्रहित कर रही है. जिला प्रशासन और पुलिस ने जिस तरीके से गांव के किसानों नौजवानों और महिलाओं के ऊपर जुल्मा किया और उन्हे डरा धमकाकर उनकी जमीन को अवैध तरीके से कब्जा करने की कोशिश की वह बहुत ही निंदनीय है. लोगों ने किसानों के ऊपर लगाए फर्जी मुकदमें हटाकर,




जेल में बंद किसानों को तत्काल रिहा करने और नए भूमि अधिग्रहण कानून के तहत ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग किया. लोक समिति संयोजक नन्दलाल मास्टर ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर के नाम पर जबरन किसानों की जमीन छीनने की कोशिश की गई. किसानों पर लाठीचार्ज अन्नदाता का अपमान है. जो किसान ठंडी, गर्मी, बरसात झेलकर दुनिया का पेट भरता है उसके पेट पर सरकार लाठी चला रही है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. ग्राम प्रधान मुकेश ने कहा कि तत्काल गिरफ्तार किसानों को रिहा किया जाए और आंदोलनकारियों पर से दर्ज मुकदमे को वापस लिया जाए. धरने का नेतृत्व लोक समिति संयोजक नन्दलाल मास्टर, अध्यक्षता ग्राम प्रधान मुकेश कुमार और संचालन दिहाड़ी मजदूर संयोजक रामबचन ने किया. धरने में मुख्यरूप से मेवालाल, छबीनाथ, पूरन, छक्कू, शंभूनाथ, पंचम, लल्लन, विनोद, हीरावती, तारा, सितारा, प्रभावती, कमला, सन्नो अनीता, सोनी, श्यामसुंदर, सुनील, आशा, शिवकुमार, सरोज, सुनील, मधुबाला आदि लोग शामिल रहे।

## आधारशिला- 2023 में शहर के सिविल अभियन्ताओं का संकल्प 'जनमानस को सस्ता, सुदृण एवं सुरक्षित भवन निर्माण उपलब्ध हो

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी एसोसिएशन आफ प्रोफेशनल ग्रेजुएट सिविल इंजीनियर्स वाराणसी इकाई के स्थापना दिवस का 20वाँ वर्षगांठ आधारशिला-2023 कैण्टोनमेण्ट स्थित सूर्या होटल में सम्पन्न हुआ` प्रातः संस्था की बैठक की गई जिसमें संस्था के 20 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर जनमानस को सस्ता, सुदृण एवं सुरक्षित भवन निर्माण उपलब्ध कराने हेतु सदस्यों को संकल्पित कराया गया साथ ही 'सेव गंगा-सेव वाटर' थीम निर्धारित किया गया` सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ एसोसिएशन के अध्यक्ष इंजी० राकेश शुक्ला सपत्नीक द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके किया गया तत्पश्चात प्रबन्धकारिणी के सभी सदस्यों द्वारा केक काटकर वर्षगाँठ मनाया गया` इसी क्रम में गणेश वन्दना के बाद संस्था के अभियन्ता सदस्यो एवं उनके पत्नी व बच्चों के द्वारा गीत, संगीत व नृत्य पेश किया गया` इस रंगारंग कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण मुम्बई से पधारे प्रख्यात



बॉलीवुड पार्श्व गायक विपिन सचदेवा रहे जिन्होंने लगभग तीन घण्टे तक हिन्दी फिल्मो के अपने गाये गीत जैसे फिल्म सनम बेवफा का गीत -बे इरादा नजर मिल गई तो फिल्म साथी से- याराना यार का न कभी छूटेगा... इत्यादि की प्रस्तुति देकर समा बांध दिया` एसोसिएशन के सभी सदस्यगण व शहर के अन्य सम्मानित वास्तुविद पदाधिकारियों की सपरिवार उपस्थिति रही` कार्यक्रम में विशेष रूप से वाराणसी, मीरजापुर, जौनपुर, राबर्टसगंज के परामर्शदाता अभियन्ताओं ने भाग लिया कार्यक्रम का कुशल संचालन ई. संजय सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष इं० राकेश शुक्ला ने अपने धन्यवाद ज्ञापन से किया।

# आज के परिवेश में शिक्षा के साथ साथ नैतिक शिक्षा जरूरी : बीएसए

**भूकंपरोधी भवन का बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया उद्घाटन, सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चो ने सभी का मन मोहा**

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। केराकत बीआरसी अंर्तगत देवरायी न्याय पंचायत के घुना का पूरा प्राथमिक विद्यालय में नवनिर्मित भूकंपरोधी अतिरिक्त कक्ष और स्मार्ट क्लास का उद्घाटन बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने किया। इस दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।



दीप प्रज्वलन और बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना के बाद नए भवन का फीता काट कर उद्घाटन करके के बाद बतौर मुख्य अतिथि शिक्षकों और बच्चो को सबोधित करते हुए बीएसए गोरखनाथ पटेल ने कहा नए भवन और स्मार्ट क्लास के बनने से बच्चों को फायदा मिलेंगा। कहा कि एक शिक्षक के रूप में हम सभी का यह दायित्व है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सके जिससे एक मजबूत समाज की नींव रही जा सके। उन्होंने स्मार्ट क्लास की अच्छी व्यवस्था देख प्रधानाध्यापिका रेणुका सिंह व अन्य स्टाफ की जमकर तारीफ की। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। नृत्य एवं संगीत कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। भारत की अनेकता में एकता को दशार्ते हुए विरासत नाम के आधार पर भिन्न -भिन्न राज्यों के नृत्य संगीत पर बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात अतिथियों को शाल एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यपिका रेणुका सिंह व संचालन छत्रसाल सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों को शत-प्रतिशत लक्ष्य की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, महामंत्री सुशील सिंह, शिक्षक अरविंद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अतुल सिंह, आनंद सिंह, रेखा देवी, मीना देवी, अरुण यादव आदि सैकड़ों अध्यापक व बच्चे मौजूद रहे।

## जन चौपाल लगाकर एसडीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



प्रखर जौनपुर। ग्रामीण क्षेत्र की जन समस्या के निस्तारण के लिए एसडीएम नेहा मिश्रा के द्वारा सिझवारा और हुरहुरि गांव में जन चौपाल का आयोजन किया गया। ग्रामीणों की समस्याएं सुन और उसके निराकरण के लिए विभागों से संबंधित शिकायतों पर अधिकारियों को निराकरण के लिए दिशा निर्देश दिया।

जन चौपाल कार्यक्रम के तहत एसडीएम नेहा मिश्रा ने हुरहुरि और सिझवारा गांव में जन चौपाल लगाया। चौपाल में पेयजल, भूमि सम्बंधित, स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, मुख्यमंत्री आवास, सिंचाई व महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर ग्रामीणों से जन चर्चा करते हुए गांव के विकास के संबंध में एवं किसी प्रकार की किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानियां हो उसके लिए जन चौपाल में सभी अधिकारी को ग्रामीणों द्वारा बताए गए समस्याओं का जन चर्चा कर संबंधित विभागों से त्वरित निराकरण का निर्देश दिया।

चौपाल में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक हर हाल में पहुचना चाहिए। इसमे ढिलाई पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बीडीओ केराकत कृष्ण मोहन यादव, राजस्व विभाग से नरेंद्र यादव व काफी ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसकेबी आईटीआई के छात्र का भारतीय रेलवे में चयन

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। केराकत के रग्घुपुर बेहड़ा स्थित एसकेबी आई टी आई शिक्षण संस्थान के छात्र का चयन भारतीय रेलवे मे होने से छात्रों व अध्यापको मे खुशी का माहौल दिखा। संस्थान के प्रबंधक चंद्रभान सिंह ने बताया की केराकत क्षेत्र के भौरा गाँव निवासी सुमित शर्मा का चयन भारतीय रेलवे में आर आर सी 2019 मे ग्रुप डी की भर्ती मे असिस्टेंट वर्कशाप के पद पर चयन हुआ हैं। जो रोलिंग स्टाक कारखाना दाहोद गुजरात मे जवाइन किया। इस शिक्षण संस्थान मे शिक्षारत सभी छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणाश्रोत हैं। इसकी जानकारी होने पर शिक्षण संस्थान परिसर में प्रबंधक के द्वारा बच्चों मे मिठाई वितरित किया गया।

### बृहस्पति फाउंडेशन की मासिक बैठक संपन्न



प्रखर वाराणसी। शुभम सिंह की अध्यक्षता में बृहस्पति फाउंडेशन कि मासिक बैठक हुआ सम्पन्न टीम के सभी सदस्यों ने आने वाले समय मे जरूरतमंदो तक भारत सरकार कि योजनाए को ज्यादा से ज्यादा लोगो तक पहुँचाने का संकल्प लिया` साथ ही "भर दो खाली पेट "मुहीम के विस्तार कि चर्चा हुआ` फाउंडेशन कि तरफ से प्रकाश मिश्रा , अमित प्रजापति , शिव यादव , रेनू पांडेय ,निक्की धवन ,शशि प्रजापति , निखिल यादव , अलोक रंजन , छाया , आँचल आदि लोग मौजूद रहे।


### पत्रकार की बेटी ने मुकम्मल किया कुरान मजीद



प्रखर जौनपुर। जौनपुर शहर के अहमद खां मंडी के रहने वाले पत्रकार रियाजुल हक की 9 वर्षीय बेटी ने इस्लामी पवित्र ग्रंथ कुरान मजीद को मुकम्मल कर लिया है, इससे क्षेत्र में हर्ष की लहर फैल गई, बताते चलें कि वर्ष 2020 में लंबी बीमारी के बाद मां का निधन हो जाने से और करोना काल जैसी विषम परिस्थितियों के बावजूद आज उनकी बेटी अफ्शा खान ने महज 9 वर्ष की आयु में ही कुरान शरीफ को मुकम्मल कर लिया , कुरान शरीफ को मुकम्मल करने में उसके उस्ताद के रूप में उसकी खाला ने उसकी शिक्षा दीक्षा दी, अरबी और उर्दू के अलावा उसने जल्द ही हिंदी अंग्रेजी और मैथ में भी अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया है, इससे खुश होकर उसके बड़े पापा मुशर्रफ हुसैन,फिरोज खान,निजामुल खान,फूफा आफताब अली,दादा नेयाज खान,और नाना मुख्तार सिद्दीकी ने उसके उज्जवल भविष्य की दुआ दी है।

### आन्या सिंह को मिला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद





प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आई सी एस सी बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में देश में तीसरी रैंक लाने वाली आन्या सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आशीर्वाद दिया और कहा की देश में उत्तर प्रदेश का नाम किया ,बिटिया अपने प्रदेश की शान है` वाराणसी के गौतम गार्डन निवासी डाक्टर सी. पी.सिंह की भतीजी आन्या सिंह ने कहा की मैं अपने चाचा से प्रेरणा लेकर पढ़ाई की और भविष्य में डॉक्टर बनने की इच्छा जताई और बेटी की सफलता पे उनके ग्राम गुतवान में सभी परिवार वालो के साथ गांव वाले भी खुश है` चाचा डाक्टर साहब ने कहा की बेटी बहुत शार्प माइंड की है और पढ़ाई के समय कोई तनाव नही महसूस करती आगे ये देश की सेवा अवश्य करेगी।

### दबंगों ने किराना व्यवसाई को मारपीट कर किया घायल, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

प्रखर गोसाई की बाजार/आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के बिंद्राबाजार निवासी किराना व्यापारी को दबंगों ने उसकी दुकान पर धावा बोलकर पीटा। मारपीट फुटेज सोशल मीडिया पर हुई वायरल, व्यापारी की के भाई मोहम्मद साकिब ने मामले की तहरीर गंभीरपुर पुलिस को दी है। गुरुवार की सुबह करीब 7:30 बजे क्षेत्र के ही सात दबंगों ने रोड के किनारे बालू गिराने के विवाद को लेकर किराना व्यापारी मोहम्मद राशिद को मार पीट कर लहूलुहान कर दिया, हल्ला गुहार पर पहुंचे व्यापारी के भाई मुहम्मद



जाहिद को को भी लाठी डंडों से मारापीट कर घायल कर दिया। किराना व्यापारी के भाई मोहम्मद साकिब ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय प्रकाश मौर्या ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा लिखा जा चुका है आरोपी को 107 16 में पाबंद किया गया, जिस में से 4 नामजद रहमान,बुल्ला,मुस्तकीम पुत्र इम्तेयाज, इब्राहिम पुत्र सुफियान व 2 अज्ञात है।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं